• जयपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 178 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25 RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित


सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद


पेज @3 आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक बायतु में 'शिशु नगरी' का आयोजन, नन्हे विद्यार्थियों...

पेज @4 पूर्व मंत्री व डीडवाना विधायक यूनुस खान ने जयपुर में रखवाया रोज़ा...

पेज @8 पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, राजस्थान...


# सीमांचल से घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकालेंगे नेपाल बॉर्डर से गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान

अररिया/एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर बिहार में हैं. बुधवार को बिहार पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह सीमांचल के जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे हैं. अमित शाह गुरुवार को बिहार के नेपाल सीमा से सटे लेटी पहुंचे, जहां उन्होंने सशस्त्र सीमा बल की 52वीं बटालियन के बार्डर आउट पोस्ट भवन का उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने सीमा सुरक्षा से जुड़ी कई परियोजनाओं का लोकार्पण और समीक्षा भी की. गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बताते हुए कहा कि घुसपैठियों को हटाना सिर्फ चुनावी वादा नहीं, बल्कि नरेंद्र मोदी सरकार का दृढ़ संकल्प है. उन्होंने कहा कि सीमांचल क्षेत्र से घुसपैठियों को चिन्हित कर देश से बाहर भेजने का अभियान जल्द शुरू किया जाएगा.

**● खुली सीमा सबसे बड़ी चुनौती**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जिस देश की सीमाएं फेंसिंग से सुरक्षित हैं, वहां निगरानी अपेक्षाकृत आसान होती है, लेकिन खुली सीमा की सुरक्षा अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण होती है. उन्होंने नेपाल के साथ खुली सीमा का जिक्र करते हुए कहा कि इसके लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, मजबूत सूचना तंत्र और स्थानीय लोगों से बेहतर संवाद बेहद जरूरी है. उन्होंने एसएसबी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमा सुरक्षा, अवैध तस्करी और नारकोटिक्स नियंत्रण के लिए स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (रडढ) तैयार की जाए, ताकि जवानों को प्रशिक्षण स्तर से ही बेहतर रणनीति मिले.

**● 170 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण**

गृह मंत्री ने कहा कि सीमा पर तैनात जवान देश की सुरक्षा के साथ-साथ संस्कृति के भी प्रहरी हैं. जवानों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगभग 170 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न भवनों और ढांचागत परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है. उन्होंने विश्वास जताया कि इससे जवानों की तैनाती से जुड़ी कठिनाइयां कम होंगी. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 2014 के बाद सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के लिए सुविधाओं के विस्तार की संवेदनशील कार्य योजना बनाई है, जिसका यह हिस्सा है.

**● भारत-नेपाल सीमा सड़क परियोजना का जिक्र**

अमित शाह ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा सड़क योजना के तहत 554 किलोमीटर लंबी बार्डर रोड स्वीकृत की गई है, जिसमें से अधिकांश खंडों पर काम पूरा हो चुका है. इससे सीमा निगरानी क्षमता बढ़ेगी, नागरिकों की सुविधा में सुधार होगा और विकास कार्यों को सीमा तक पहुंचाने में आसानी होगी.



# आज से भगवान जगन्नाथ हो गये जमशेदपुर बिहारी : द्रौपदी मुर्मू



जमशेदपुर । एजेंसी

- भगवान जगन्नाथ जल्दी नहीं आते, उनके आने का करना पड़ता है इंतजार
- मंदिर के भूमि पूजन के बाद आयोजित सभा को राष्ट्रपति ने किया संबोधित

श्री श्री जगन्नाथ मंदिर की जमशेदपुर में स्थापना का यह सही समय है। भगवान जगन्नाथ जल्दी नहीं आते, उनके आने का इंतजार करना पड़ता है। ''आज से भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारी हो गए हैं।'' यह बातें भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कदमा स्थित मरीन ड्राइव में श्री श्री जगन्नाथ मंदिर एवं जगन्नाथ आध्यात्मिक धर्मार्थ केंद्र की आधारशिला रखने के अवसर पर कहीं। भूमि पूजन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भावनात्मक अंदाज में कहा कि अब भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर में विराजमान होने जा रहे हैं और 'आज से भगवान जगन्नाथ जमशेदपुर बिहारी हो गए हैं।' राष्ट्रपति ने रांची में स्थापित जगन्नाथ मंदिर का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां मंदिर बनने के बाद भगवान 'निड़ाचढ़ बिहारी' कहलाये और अब झारखंड में व्यापक रूप से पूजे जा रहे हैं।

## आध्यात्मिक चेतना केंद्र बनेगा श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक केंद्र : हेमंत

जमशेदपुर । एजेंसी

- मुख्यमंत्री ने इसे राज्य के लिए गौरवपूर्ण और सराहनीय कदम बताया
- ऐसे केंद्र हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखेंगे : गंगवार

कुछ संस्थाएं केवल भवन नहीं होतीं, वे स्वयं के साथ-साथ मानव जीवन को भी तराशती हैं। श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के निर्माण की नींव रखी जा रही है, जो आने वाले समय में सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक जागरण का प्रमुख केंद्र बनेगा। यह बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कदमा स्थित मरीन ड्राइव परिसर में आयोजित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने इस पहल को सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समन्वय का जीवंत केंद्र बताते हुए इसे राज्य के लिए गौरवपूर्ण और सराहनीय कदम बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में स्थापित होने वाली संस्थाएं केवल संरचनाएं नहीं होतीं, बल्कि वे विचार, संस्कार और संस्कृति को आगे बढ़ाने का माध्यम बनती हैं। मुख्यमंत्री ने श्री जगन्नाथ स्पिरिचुअल एंड कल्चरल चैरिटेबल सेंटर ट्रस्ट की सोच और उद्देश्य की सराहना करते हुए विश्वास जताया

## राष्ट्रपति ने बारीडीह में मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज का दौरा किया

जमशेदपुर । एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदमा में आयोजित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के भूमि पूजन के बाद बारीडीह पहुंचीं, जहां उन्होंने मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में 'परिचय सम्मेलन' में भाग लिया। राष्ट्रपति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ फोटो सेशन किया, मेधावी छात्रों से संवाद किया और कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर पौधारोपण किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब राष्ट्रपति कॉलेज परिसर से बाहर निकलीं, तो सड़क किनारे बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौजूद थी। लोगों का उत्साह देखकर उन्होंने अपना काफिला रुकवाया

**जनता के बीच पैदल चलीं राष्ट्रपति, बच्चों को चॉकलेट बांटी**

और वाहन से उतरकर पैदल ही जनता के बीच पहुंच गईं। राष्ट्रपति करीब 150 कदम तक आम लोगों के बीच चलीं और अभिवादन स्वीकार किया। अपने बीच राष्ट्रपति को पाकर लोगों का उत्साह चरम पर था। खासकर महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। कई लोग हाथों में तिरंगा लिए राष्ट्रपति जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। राष्ट्रपति ने भी स्नेहपूर्वक लोगों का अभिवादन किया और भीड़ में मौजूद बच्चों को चॉकलेट बांटी। एक बच्ची ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उसे स्वयं राष्ट्रपति ने चॉकलेट दी। वहीं परविंदर कौर नामक एक महिला ने कहा कि वह कई घंटों से राष्ट्रपति की एक झलक पाने के लिए खड़ी थीं। जब राष्ट्रपति गाड़ी से उतरकर पैदल उनकी ओर आईं, तो यह क्षण उनके लिए अविस्मरणीय बन गया।

## इजरायल के साथ जल्द होगा मुक्त व्यापार समझौता : मोदी



यरूशलम । एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने भारत-इजरायल संबंधों को बताया 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप'
- प्रोडक्टिव होगी 'विलेजेज ऑफ एक्सीलेंस' और 'इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर' की स्थापना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत-इजरायल संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं। साथ ही दोनों देश शीघ्र ही एक पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने यरूशलम में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत और इजरायल के संबंध गहरे विश्वास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की मजबूत आधारशिला पर स्थापित हैं तथा समय की हर कसौटी पर खरे उतरे हैं। यह ऐतिहासिक निर्णय दोनों देशों के लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

मोदी ने बताया कि दोनों देशों ने 'क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज पार्टनरशिप' स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिलेगी। उन्होंने इजरायल में यूपीआई के उपयोग के लिए हुए समझौते पर भी प्रसन्नता व्यक्त की तथा डिजिटल हेल्थ सहित अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता जतायी। रक्षा सहयोग का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच दशकों पुराना विश्वसनीय रक्षा संबंध रहा है और हाल में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) से इसमें नए आयाम जुड़ेंगे। दोनों देश संयुक्त विकास, संयुक्त उत्पादन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने नागरिक परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की भी बात कही।

कृषि क्षेत्र में सहयोग को 'भविष्य उन्मुख' बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के सहयोग से भारत में स्थापित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' मित्रता के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इनकी संख्या 100 तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 'विलेजेज ऑफ एक्सीलेंस' और 'इंडिया-इजरायल इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर' की स्थापना से किसानों की

## पंच अपडेट

### बंद कोयला खदान में चार मजदूरों के दबने की आशंका

**नाला (जामताड़ा)। संवाददाता।** नाला थाना क्षेत्र के परिहारपुर स्थित बंद पड़ी कोयले की खदान में चाल धंसने की घटना के बाद अफरा-तफरी मच गयी। घटना गुरुवार की सुबह हुई। खबर पर आसपास से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और बचाव कार्य में लग गये। लोग चार मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका जता रहे हैं। घटना की जानकारी पर नाला एसडीपीओ मनोज कुमार महतो और थाना प्रभारी सदलबल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया। बंद खदान से मलबा हटाने का काम जारी है। स्थानीय लोगों की भी घटनास्थल पर भीड़ जुट गयी। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाये हुए है। वैसे, बंद खदान में किसी के फंसे होने की प्रशासन ने पुष्टि नहीं की है।

### राष्ट्रपति को राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी विदाई

**रांची/एजेंसी।** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर गुरुवार शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके झारखंड दौरे के समापन पर औपचारिक विदाई दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया। एयरपोर्ट पर प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### झारखंड में बढ़ने लगा तापमान, बढ़ेगी गर्मी

**रांची/एजेंसी।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम साफ होते ही तापमान में फिर से वृद्धि होने लगी। तापमान बढ़ने से दिन में गर्मी में आंशिक वृद्धि होने लगी है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। इधर, मौसम विभाग ने एक मार्च को राज्य के कई जिलों में आंशिक बादल छाने की संभावना व्यक्त की है, जबकि इसके पूर्व मौसम पूरी तरह साफ रहेगा।

### वीर सावरकर को पुण्यतिथि पर पीएम ने किया नमन

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को महान क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मां भारती के कर्मठ सपूत वीर सावरकर के जीवन से हमें विपरीत परिस्थितियों में भी अपने संकल्प पर अडिग रहने की प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स संदेश में कहा कि सावरकर का साहस, संयम और मातृभूमि के प्रति समर्पण का भाव सदैव देशवासियों का पथप्रदर्शन करता रहेगा। उन्होंने संस्कृत का एक श्लोक उद्धृत करते हुए कहा कि

''धीराः शोकं तरिष्यन्ति लभन्ते सिद्धिमुत्तमाम।
धीरैः सम्प्राप्यते लक्ष्मीर्धैर्यं सर्वत्र साधनम॥''

### बंकिमचंद्र के परिजन भाजपा में शामिल

**कोलकाता/एजेंसी।** सॉल्टलेक स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के परिवार के सदस्य एवं श्रम विभाग के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी सुमित्र चट्टोपाध्याय ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की मौजूदगी में औपचारिक रूप से पार्टी में उनका स्वागत किया गया। पार्टी में शामिल होने के बाद सुमित्र चट्टोपाध्याय ने कहा कि रोजगार विनिमय से जुड़े लाखों युवाओं का डाटा एक प्रशासनिक आदेश पर हटाया गया और उसके स्थान पर 'एम्प्लॉयमेंट बैंक' का गठन किया गया, जिसमें लगभग 40 लाख युवक पंजीकृत थे। बाद में 'युवश्री' योजना शुरू की गई, जिसे बंद कर दिया गया।

**फाग गीत, जोगीरा व नगाड़ों की थाप अब बना इतिहास**

# आधुनिकीकरण की धुन में खो रही फागुन की गूंज

सुपौल । एजेंसी

कभी गांवों की चौपालों पर गूंजने वाले पारंपरिक फाग गीत, जोगीरा और नगाड़ों की थाप अब धीरे-धीरे इतिहास बनते जा रहे हैं। उनकी जगह आधुनिक डीजे और तेज लाउडस्पीकर ने ले ली है। बदलती जीवन शैली और आधुनिकीकरण की तेज रफ्तार ने होली के पारंपरिक रंग को फीका कर दिया है। पहले बसंत पंचमी से ही गांवों में फागुनी माहौल बनना शुरू हो जाता था। शाम ढलते ही चौपालों पर बुजुर्ग और युवा एकत्र होकर ढोलक, मंजीरा और नगाड़ों की थाप पर फाग गाते थे। जोगीरा की तुकबंदियों से पूरा वातावरण ठहाकों और उमंग से भर उठता था।

**गांवों से गायब हो रहे होली के पारंपरिक गीत**



**होली यानी एक सांस्कृतिक उत्सव**

होली केवल एक दिन का त्योहार नहीं, बल्कि पूरे महीने चलने वाला सांस्कृतिक उत्सव हुआ करता था, जिसमें गांव की सामूहिक भागीदारी दिखती थी। लेकिन, अब स्थिति बदल चुकी है। गांवों में भी डीजे संस्कृति का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की जगह इलेक्ट्रॉनिक धुनों ने ले ली है। युवा पीढ़ी लोकगीतों की बजाय फिल्मी और पॉप गानों पर झूमना अधिक पसंद कर रही है। परिणामस्वरूप फाग, जोगीरा और पारंपरिक होली गायन की परंपरा सिमटती जा रही है।

**संवाद और सामाजिक समरसता का माध्यम**

ग्रामीण बुजुर्गों का कहना है कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, आपसी मेल-जोल और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक रही है। फाग और जोगीरा केवल गीत नहीं थे, बल्कि व्यंग्य, संवाद और सामाजिक समरसता का माध्यम भी थे। इनके माध्यम से समाज की छोटी-बड़ी बातों को हंसी-ठिठोली में कह दिया जाता था, जिससे रिश्तों में मिठास बनी रहती थी।

**क्या कहते हैं जानकार**

सांस्कृतिक धरोहरों के जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते लोक परंपराओं को संरक्षित करने के प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियां इन सांस्कृतिक धरोहरों से पूरी तरह अनजान रह जाएंगी। जरूरत है कि स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं और ग्राम सभाओं के माध्यम से पारंपरिक होली गीतों, फाग प्रतियोगिताओं और लोक वाद्ययंत्रों के कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाए। होली का असली रंग तभी बरकरार रह पाएगा, जब आधुनिकता के साथ-साथ परंपरा की मिठास भी सहेज कर रखी जाए।

# एशिया के सबसे बड़े बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करेगी सरकार : शिल्पी

रांची । एजेंसी

**कृषि मंत्री दे रही थीं विधानसभा में बजट के कटौती प्रस्ताव पर जवाब**

सदन में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को कहा कि रांची के कांके में एशिया का सबसे बड़ा और एकमात्र स्थापित सरकारी बेकन फैक्ट्री को खोलने पर कार्य किया जा रहा है। मंत्री झारखंड विधानसभा में बजट के कटौती प्रस्ताव पर जवाब दे रही रही थीं। उन्होंने कहा कि कभी देश दुनिया में रैनबैक ब्रांड की पहचान थी। यहां से निर्मित पोर्क, कबाब, सलामी और सॉसेज जैसे उत्पाद नॉर्थ ईस्ट के देशों तक भेजे जाते थे। उन्होंने सदन में विपक्षी सदस्य नवीन जायसवाल की ओर से लाए गए आंकड़ों को भ्रामक बताया। मंत्री ने कहा कि विभाग ने अब तक 67 प्रतिशत राशि खर्च कर ली है और वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक 80-90 प्रतिशत व्यय का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि धान खरीदारी के तहत 21,800 किसानों को 10 करोड़ रुपये यूपीआई माध्यम से सीधे भुगतान किए गए हैं। मिलेट मिशन योजना के आंकड़े भी सदन को उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देशी मांगुर मछली पर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में कई एफआईआर दर्ज किए गए हैं। एमएसपी के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के बोनस में बढ़ोतरी को तैयार है, लेकिन इसपर केंद्र सरकार का रुख देखना होगा। मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में महिला किसान सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है। पांच लाख से अधिक किसानों को ऋण स्वीकृत किया गया है। करंज तेल के माध्यम से ग्रीन इकोनॉमी को बढ़ावा दिया जा रहा है। पशुपालन क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग तीन लाख लीटर दूध उत्पादन हो रहा है, जिसे दोगुना करने का लक्ष्य है। इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार की सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### भुट्टू खांन ऊदाका बने कामां ब्लॉक अध्यक्ष

**चमकता राजस्थान/राकिब खांन।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष सहाय यादव तथा



जिला अध्यक्ष महावीर गुर्जर जी के निर्देशन में जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत भुट्टू खान ऊदाका को कामां ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को मजबूती देने वाला निर्णय बताया है। उनका कहना है कि भुट्टू खान लंबे समय से पार्टी की नीतियों और विचारधारा के प्रति समर्पित रहकर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष भुट्टू खान ने प्रदेश व जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का भरसक प्रयास करेंगे।

उन्होंने इस अवसर पर विशेष रूप से सीए मुख्तियार अहमद का धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से उन्हें यह जिम्मेदारी मिली।

नियुक्ति की सूचना मिलते ही समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की है।

### जालोर: साकरणा पुलिये से व्हर का संतुलन बिगड़ा, नदी में गिरी विकी – पिता की मौत, बेटी घायल

**चमकता राजस्थान /कयूम खान/जालोर।** जिले के साकरणा पुलिये के पास गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया। ऐलाना से साकरणा अपनी बच्ची को छोड़ने जा रहे पिता की व्हर विकी का अचानक संतुलन बिगड़ गया और विकी सीधे नदी में जा गिरी। हादसे में विकी सवार 60 वर्षीय काना राम पुत्र भभुता राम सेन की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे के समय उनके साथ बच्ची भी थी, जिसे मामूली चोट आई है, जबकि साथ मौजूद दो अन्य मासूमों को खरोचें तक नही आई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस की सहायता से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने काना राम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी है।

### विद्याधर नगर में भक्ति की बयार: उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विशाल निशान पदयात्रा को किया रवाना



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के डेहर स्थित बालाजी मंदिर परिसर में आज भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने श्री श्याम मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित षष्टम विशाल निशान पदयात्रा को विधिवत रवाना किया। बाबा श्री श्याम के जयघोषों से गूंजते वातावरण में सैकड़ों श्रद्धालु निशान लेकर पदयात्रा में शामिल हुए। भक्तों ने अनुशासन, उत्साह और गहरी आस्था के साथ यात्रा की शुरुआत की। पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर नजर आया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बाबा श्याम की पूजा-अर्चना कर आरती में भाग लिया और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति तथा सर्वांगीण विकास की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसी धार्मिक यात्राएं समाज में एकता, समरसता और सेवा भावना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी श्रद्धालुओं, सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके समर्पण और सेवा भाव की सराहना की।वही विशाल निशान पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

### आनंदपुरा जाजनी में 19 फरवरी से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का 25 फरवरी को हुआ विराम



**चमकता राजस्थान/गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़।** 19 फरवरी से चल रही आनंदपुरा जजनी में श्रीमद् भागवत कथा का 25 फरवरी को पुर्णाहुति हुई अंतिम दिन क्षेत्र से हजारों संख्या में लोग कथा श्रवण करने पहुंचे।और यहां स्थित अखण्ड धाम आश्रम पर श्री बाबा रामदेव मंदिर निर्माण कार्य चल रहा उसमें सेकडो लोगों और ग्रामीणों ने बढ़ा चढ़ा कर दान दिया ।

भागवत प्रवक्ता श्री मनसुख शर्मा जी ने बहुत शानदार श्री मद भागवत कथा व नानी बाई का मायरा रात्रि में किया जिसमें अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे । आनन्दपुरा निवासी, भवानी मंडी ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी मदन सिंह ने जानकारी देकर बताया कि श्री मद भागवत कथा 5 वर्ष तक चलेगा और हम सब मिलकर जल्दी से जल्दी मंदिर निर्माण कार्य को पुरा करने में समस्त ग्रामवासी और क्षेत्रवासी सहयोग करते रहेंगे। कथा सम्माप्ति पर जुलुस निकाला गया और अगले दिन समस्त कार्यकर्ता व ग्रामवासियों ने मनसुख जी शर्मा को विदाई दी। आनन्दपुरा में स्थित अखण्ड धाम आश्रम पर कोरोना काल में भी अनेक लोग बिमारीयो से सही हुए और हजारों श्रद्धालु इस धाम से जुड़े हुए हैं। यहां पधारे समस्त अतिथियों का आनन्दपुरा ग्राम वासियों की तरफ से आभार व्यक्त करते हैं।

# आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक बायतु में 'शिशु नगरी' का आयोजन, नन्हे विद्यार्थियों ने दिखाए विज्ञान के अद्भुत प्रयोग

चमकता राजस्थान



**बायतु/चिमु धतरवाल।** कस्बे के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक बायतु में इन दिनों 'शिशु नगरी' कार्यक्रम उत्साह और रचनात्मक गतिविधियों के साथ आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत नन्हे विद्यार्थियों ने विज्ञान के क्षेत्र में अद्भुत एवं नवाचारपूर्ण प्रयोग प्रस्तुत कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया।

विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष आयोजन में विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित मॉडल और प्रयोगों का प्रदर्शन किया। बच्चों ने जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, वायु प्रदूषण नियंत्रण, वर्षा जल संचयन, ज्वालामुखी मॉडल, विद्युत परिपथ, चुंबकीय शक्ति तथा सरल मशीनों से जुड़े प्रयोगों को बेहद सरल और प्रभावशाली तरीके से समझाया।

नन्हे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और प्रस्तुतीकरण कौशल देखते ही बन रहा था। उन्होंने आगंतुकों को प्रयोगों के पीछे का वैज्ञानिक कारण भी विस्तार से बताया, जिससे अभिभावक और अतिथि भी प्रभावित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, जिज्ञासा बढ़ाना तथा व्यावहारिक ज्ञान को प्रोत्साहित करना रहा।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि 'शिशु नगरी' के माध्यम से बच्चों को पाठ्यपुस्तक तक सीमित न रखकर व्यवहारिक शिक्षा से जोड़ा जा रहा है। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और तार्किक सोच को विकसित करते हैं।

कार्यक्रम में अभिभावकों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यालय की पहल को प्रेरणादायक बताया। अंत में श्रेष्ठ प्रयोग प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित भी किया गया।

'शिशु नगरी' का यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक साबित हो रहा है, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को नई दिशा देने का कार्य भी कर रहा है।

## भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

चमकता राजस्थान



**गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़।** करावन- क्षेत्र के सिह पुर में स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण के सामने आयोजक कर्ता के जनसहयोग से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन गुरूवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर कथा स्थल को भव्य रूप से फूल-मालाओं एवं रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। इस अवसर पर वासुदेव-देवकी एवं बाल स्वरूप श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, पूरा पंडाल ''जय कन्हैया लाल की'' के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में झूमते हुए नृत्य करने लगे। कथा वाचक पं. कैलाश चन्द्र भारद्वाज (सिंह पुर)ने गुरूवार को श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार, अनाचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं।

कथा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में भगवान श्रीकृष्ण की आरती की गई, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

पूरा वातावरण भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आया। इस दौरान आयोजन कर्ता पूर्व सरपंच भगवान सिंह करण सिंह दाणी सिंह नैन सिंह आदि मौजूद रहे।

## ट्रेन के शौचालय में छिपाई गई अवैध शराब पकड़ी, टीटीई की सतर्कता से खुला मामला

- **डीआरएम के निर्देश पर जोधपुर मंडल में विशेष जांच अभियान**
- **करीब 33 हजार रुपए कीमती 48 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद**



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** उत्तर पश्चिम रेलवे के उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के दौरान एक टीटीई की सतर्कता से ट्रेन में छिपाकर रखी गई अवैध शराब बरामद की गई।मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव ने बताया कि बुधवार 25 फरवरी को ट्रेन संख्या 20485 जोधपुर-साबरमती सुपरफास्ट एक्सप्रेस में टिकट जांच के दौरान टीटीआई राजेन्द्र कुमार मीणा को कोच संख्या एस-6 के शौचालय में संदिग्ध गतिविधि का आभास हुआ। जांच करने पर पाया गया कि शौचालय के ऊपर लगी प्लाई के भीतर 48 बोतल अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई थी, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 33 हजार रुपये आंकी गई है।

## बाजार मोरगंज में गरजा नगर निगम का बुलडोजर, नाला सफाई के लिए 80 दुकानों का अतिक्रमण ध्वस्त



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** महानगर की ड्रेनेज व्यवस्था को दुरुस्त करने और जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम ने बाजार मोरगंज में एक बड़ा अभियान चलाते हुए करीब 80 दुकानों के बाहर से अतिक्रमण हटा दिया। दरअसल, व्यापारियों ने जिलाधिकारी के साथ 'व्यापार बंधु' की बैठक में बाजार के नालों की सफाई न होने का मुद्दा उठाया था, जिसके बाद जांच में पाया गया कि दुकानों के बाहर अवैध रूप से बने थले और सीढ़ियां सफाई मशीनों के मार्ग में बाधक बन रहे हैं। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह और प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच.बी. गुरुंग के नेतृत्व में टीम जेसीबी और पोकलेन लेकर मौके पर पहुंची। हालांकि निगम द्वारा पूर्व संध्या पर ही मुनादी करा दी गई थी, लेकिन अचानक हुई इस बड़ी कार्रवाई से दुकानदारों में खलबली मच गई। टीम ने भगतसिंह चौक से दालमण्डी चौक तक फैले स्थाई अतिक्रमण को जमींदोज कर दिया और मौके पर ही ट्रैक्टर-ट्रालियों के जरिए मलबे का निस्तारण भी सुनिश्चित किया, ताकि बाजार में आवागमन बाधित न हो। इस कड़े रुख के बाद अब क्षेत्र के बड़े नालों की गहरी तली झाड़ सफाई का रास्ता साफ हो गया है।

### यात्रियों को भारी परेशानियां, टेंपो चालकों पर मनमाना किराया वसूलने के आरोप।

## मेड़ता रोड में प्राइवेट बस संचालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

चमकता राजस्थान

**मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** मेड़ता रोड में प्राइवेट बस संचालकों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किए जाने से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो गया है। हड़ताल के चलते शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए संचालित होने वाली निजी बसें पूरी तरह बंद रहीं, जिससे यात्रियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

सुबह से ही बस स्टैंड पर सन्नाटा पसरा रहा। रोजाना नौकरी, व्यापार, पढ़ाई और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने वाले लोग बसों के इंतजार में खड़े नजर आए, लेकिन बस सेवाएं बंद होने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ा। कई यात्रियों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा, जिससे उनका समय और पैसा दोनों अधिक खर्च हुआ।

- **टेंपो चालकों की चांदी, यात्रियों की जेब पर बोझ**

बसों के बंद रहने का सीधा फायदा टेंपो चालकों को मिला। यात्रियों का आरोप है कि टेंपो चालकों द्वारा सामान्य किराए से कहीं अधिक राशि वसूली जा रही है। जहां पहले 20 से 30 रुपये में तय होने वाला किराया अब 50 से 80 रुपये तक वसूला जा रहा है। मजबूरी में यात्रियों को अधिक किराया देकर सफर करना पड़ रहा है। कुछ यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि हड़ताल के दौरान वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था की जाए और किराए पर नियंत्रण रखा जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

- **हड़ताल का कारण**

बताया जा रहा है कि प्राइवेट बस संचालकों ने विभिन्न मांगों को लेकर यह हड़ताल शुरू की है। हालांकि, आधिकारिक रूप से उनकी प्रमुख मांगों की विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार टैक्स, परमिट और अन्य प्रशासनिक मुद्दों को लेकर असंतोष जताया जा रहा है।

## सोनाणा खेतलाजी सारंगवास धाम में 19-20 मार्च को भव्य लक्खी मेला, बढ़ती आस्था के साथ हो रहा सुविधाओं का विस्तार



**चमकता राजस्थान/देसूरी(प्रमोद पाल सिंह)।** क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र सोनाणा खेतलाजी सारंगवास धाम में 19 और 20 मार्च को वार्षिक लक्खी मेले का आयोजन होगा। दो दिवसीय इस मेले को लेकर ट्रस्ट कमेटी और स्थानीय श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। हर वर्ष की भांति इस बार भी लाखों भक्तों के आगमन की संभावना है, लेकिन इस बार मेला कई मायनों में विशेष रहने वाला है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धाम परिसर में व्यापक और स्थायी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

भक्तों के ठहरने की समुचित व्यवस्था के लिए भोजनशाला के ऊपर 22 नए कमरों तथा दो विशाल हॉल का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण का लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, ताकि मेले से पूर्व अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इन कमरों और हॉल के तैयार होने से दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं, परिवारों और जत्थों को रात्रि विश्राम में काफी राहत मिलेगी। इसके साथ ही धर्मशाला विस्तार का कार्य भी प्रगति पर है, जिससे भविष्य में भी बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए स्थायी समाधान मिल सके।

मंदिर परिसर में वर्षों से लगे पुराने टिन शेड को हटाकर उसकी जगह मजबूत सीसी बेस वाला पक्का और आधुनिक शेड बनाया जा रहा है।

## 9 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत,

- **राजस्थान के स्कूल में खेलते समय गिरी**
- **बड़े भाई की भी ऐसे ही जान गई थी।**

**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** राजस्थान के नागौर के प्राइवेट स्कूल में 9 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह ग्राउंड में खेलते समय गिर गई थी।स्कूल स्टाफ उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना नागौर के गोटन कस्बे के गोटन इंटरनेशनल स्कूल में 23 फरवरी की सुबह करीब 7.48 बजे हुई थी। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है। छात्रा के बड़े भाई की भी 4 महीने पहले ऐसे ही हार्ट अटैक से मौत हो गई थी।

- **दिव्या बेहोश होकर गिर पड़ी**

स्कूल डायरेक्टर रामकुंवार ओला ने बताया-तालनपुर के रहने वाले राजेंद्र बापेडिया की बेटी दिव्या पांचवीं क्लास की स्टूडेंट थी। सामान्य दिनों की तरह 23 फरवरी की सुबह भी स्कूल आई थी। प्रेयर (प्रार्थना) होने में अभी समय था। इस दौरान कुछ बच्चे ग्राउंड में खेल रहे थे। इसमें दिव्या भी शामिल थी। खेलते समय अचानक दिव्या बेहोश होकर गिर पड़ी।

ओला ने बताया कि इससे अफरा-तफरी मच गई। परिवार वालों को सूचना देने के साथ ही स्कूल स्टाफ ने दिव्या को संभाला। बिना देर किए गोटन के राजकीय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। तब तक उसकी जान जा चुकी थी।

- **घरवालों ने पोस्टमॉर्टम नहीं कराया**

डॉक्टर्स के अनुसार, दिव्या के शरीर पर किसी प्रकार की बाहरी चोट के निशान नहीं थे। प्राथमिक जांच में कार्डियक अरेस्ट से मौत होना माना गया है। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया था। फिर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

- **चार महीने पहले भाई की भी ऐसे ही मौत हुई थी**

परिजनों ने बताया कि दिव्या के बड़े भाई अभिषेक की मौत भी इसी तरह हुई थी। 9 सितंबर 2025 को घर पर ही खेलते समय अचानक बेहोश हो गया था। उसे तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया था।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर में 108 कुंडीय 'श्री राम महायज्ञ' में की शिरकत, प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित भवानी निकेतन में आयोजित ''कोटि होनात्मक नवदिवसीय 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ'' में भाग लिया। यह महायज्ञ तारक ब्रह्मापीठाधीश्वर जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामकृष्ण आचार्य जी (नेपाल) की अध्यक्षता में संपन्न हो रहा है।

इस पावन अवसर पर उन्होंने श्रीमद् गुरु अग्रमूलक पीठाधीश्वर श्री राजेंद्र दास देवाचार्य जी महाराज का अभिनंदन कर उनका सानिध्य एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त किया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि महायज्ञ जैसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में धर्म, संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण होता है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर महंत श्री हरिशंकर दास जी वेदांती (सिया रामदास जी की बगीची), श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर डॉ. गणेश दास जी महाराज, श्री महेंद्र सैनी जी, श्री तरुण खटोड़ जी, श्री हेमंत सैनी जी, श्री प्रवीण खंडेलवाल जी, श्री महेंद्र जांगिड़ जी, श्री रूपेश शर्मा जी, श्री अक्षय जांगिड़ सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरा परिसर भक्ति एवं श्रद्धा के वातावरण से सराबोर नजर आया।

रमज़ान की पाक फ़ज़ा में गूंजा अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैग़ाम

# पूर्व मंत्री व डीडवाना विधायक यूनुस खान ने जयपुर मे रखवाया रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** मुकद्दस माह-ए-रमज़ान की रूहानी बरकतों के साये में पूर्व मंत्री एवं डीडवाना विधायक यूनुस खान द्वारा जयपुर के सत्य महल पैलेस प्रांगण में भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे की मिसाल बनकर सामने आया। इफ्तार से पूर्व उपस्थित रोज़ेदारों ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत सुनी और अल्लाह तआला की बारगाह में मुल्क और कौम की सलामती के लिए हाथ उठाकर दुआ की।

## देश में शांति, सद्भाव और तरक्क़ी के लिए की गई ख़ास दुआ





## रमज़ानः सब्र, इबादत और हमदर्दी का महीनाः- यूनुस खान

### ● इन गणमान्यजनों ने रोजा इफ्तार कार्यक्रम में करी शिरकत

इस अवसर पर विधायक अमीन कागज़ी, मकराना विधायक जाकिर हुसैन गेसावत, आईपीएस अरशद अली, आरपीएस इस्लाम खान, सेवानिवृत्त आरपीएस नवाब खान, मेहमूद अनवर शाह साहब सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और समाज के प्रमुख लोग और रोजेदार बड़ी में उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया, जो आपसी सौहार्द, समानता और एकता का प्रतीक रहा।

### ● अमन-चैन और आपसी सौहार्द के लिए सामूहिक दुआ

इफ्तार के दौरान देश में अमन-चैन, कौमी एकता, सामाजिक सद्भाव और प्रदेश की तरक्क़ी के लिए विशेष दुआ की गई। दुआ में यह कामना की गई कि अल्लाह तआला मुल्क को हर तरह की नफ़रत, वैमनस्य और अशांति से महफ़ूज़ रखे तथा सभी वर्गों में आपसी प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ावा दे। पूर्व मंत्री यूनुस खान ने कहा कि रमज़ान हमें जोड़ने का संदेश देता है। समाज में शांति और सद्भाव कायम रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता को नई मजबूती प्रदान करते हैं कार्यक्रम का समापन सामूहिक दुआ और मुल्क की खुशहाली की कामना के साथ हुआ। पूरी महफ़िल में आध्यात्मिक वातावरण, अनुशासन और भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी, जिसने रमज़ान की पवित्रता को और भी गरिमा प्रदान की।

### ● रमज़ानः सब्र, इबादत और हमदर्दी का महीना

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि रमज़ान केवल रोज़ा रखने का नाम नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सब्र, परहेज़गारी और इंसानियत की खिदमत का महीना है। यह महीना हमें भूख और प्यास के ज़रिए दूसरों के दर्द को समझने और ज़रूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देता है। इफ्तार जैसे आयोजन समाज में मोहब्बत, भाईचारा और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना को मज़बूत करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 11 मार्च को आरटीयू का 15वां दीक्षांत समारोह

**● राज्यपाल हरिभाऊ बागडे करेंगे अध्यक्षता, 9,237 विद्यार्थियों को मिलेंगी उपाधियां**

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी) 26 फरवरी।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा (आरटीयू) का पन्द्रहवां दीक्षांत समारोह 11 मार्च 2026 को आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे करेंगे।कुलगुरु प्रो. निमित चौधरी के निर्देशन में आयोजित इस समारोह में बीटेक, बीआर्क, एमटेक, एमबीए, एमसीए, एमआर्क एवं पीएचडी सहित कुल 9,237 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 29 मेधावी विद्यार्थियों को चांसलर एवं वाइस चांसलर गोल्ड मेडल सहित विभिन्न स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा।विश्वविद्यालय प्रशासन ने आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। समारोह में शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों, महाविद्यालय प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों व अभिभावकों सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के शैक्षणिक सफर का गौरवपूर्ण पड़ाव और उनके उज्ज्वल भविष्य की नई शुरुआत का प्रतीक होगा।

### जल जीवन मिशन घोटालाः पीयूष जैन सहित 5 आरोपियों को हाईकोर्ट से जमानत

**● एसीबी की कार्रवाई पर उठे सवाल, दो वर्ष बाद गिरफ्तारी को लेकर अदालत में हुई बहस**

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)!** बहुचर्चित जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी के संचालक पदमचंद जैन के पुत्र पीयूष जैन, गणपति ट्यूबवेल कंपनी के मालिक महेश मित्तल, उनके पुत्र हेमंत मित्तल सहित कुल पांच आरोपियों को जमानत प्रदान कर दी है। इन सभी को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दिसंबर 2025 में गिरफ्तार किया था।

**● दो साल बाद गिरफ्तारी पर उठे सवाल**

अदालत में आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्मानंद सांदू ने दलील दी कि एसीबी ने इस मामले में वर्ष 2023 में एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन उस समय जांच लंबित रखी गई। करीब दो वर्ष तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और दिसंबर 2025 में अचानक गिरफ्तारी कर ली गई, जबकि एसीबी के पास कोई नया साक्ष्य उपलब्ध नहीं था।बचाव पक्ष ने यह भी तर्क दिया कि जिन सरकारी अधिकारियों पर रिश्वत लेने के आरोप लगाए गए हैं, उनकी गिरफ्तारी के बावजूद अब तक सरकार ने उनके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी नहीं की है। इससे जांच और अभियोजन की प्रक्रिया पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा होता है।

**● अधिकतम 7 वर्ष की सजा का प्रावधान**

अदालत को बताया गया कि आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया जा चुका है और जिन धाराओं में आरोप लगाए गए हैं, उनमें अधिकतम सात वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। ट्रायल की प्रक्रिया लंबी चलने की संभावना को देखते हुए आरोपियों को जमानत देने का आग्रह किया गया।

**● पीयूष जैन के खिलाफ स्पष्ट आरोप नहीं**


बचाव पक्ष ने विशेष रूप से पीयूष जैन के संदर्भ में कहा कि उनके विरुद्ध कोई स्पष्ट एवं प्रत्यक्ष आरोप स्थापित नहीं हैं। इसी आधार पर अदालत से राहत की मांग की गई।हाईकोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पांचों आरोपियों को जमानत प्रदान कर दी। इस आदेश के बाद जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े मामले में जांच एजेंसी की कार्यप्रणाली और अभियोजन प्रक्रिया को लेकर नई चर्चा शुरू हो गई है।

## महिला शक्ति, आत्मनिर्भरता का सशक्त हस्ताक्षर है नारी चौपाल : डॉ. प्रेमचंद बैरवा

### सक्षम जयपुर अभियान के तहत दूदू में भव्य आयोजन, हजारों महिलाओं की सहभागिता

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 26 फरवरी।** जयपुर जिला प्रशासन द्वारा सक्षम जयपुर अभियान के अंतर्गत दूदू में आयोजित नारी चौपाल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल के रूप में सामने आई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि नारी चौपाल ऐसा मंच है जहां महिलाएं केवल श्रोता नहीं, बल्कि संवाद, सुझाव और नेतृत्व की सक्रिय भागीदार बनती हैं। यही सहभागिता आत्मनिर्भरता की सशक्त नींव रखती है।उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकसित राजस्थान की आधारशिला है। शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर महिला ही समृद्ध समाज का निर्माण करती है। उन्होंने महिलाओं से सरकारी योजनाओं, कौशल विकास



कार्यक्रमों एवं स्वरोजगार अवसरों का अधिकाधिक लाभ उठाने का आ''ान किया तथा अधिकारियों को योजनाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लेकर बदलते राजस्थान में अपनी निर्णायक भूमिका का संदेश दिया। कार्यक्रम में लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं ने आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया।विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए सहायता काउंटरों पर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सुरक्षा और स्वरोजगार संबंधी योजनाओं की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने 'बेटी बचाओझ्रबेटी पढ़ाओ' की शपथ लेकर सक्षम जयपुर अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर किए।नारी चौपाल अब जिले के अन्य उपखंडों में भी चरणबद्ध रूप से आयोजित की जाएगी, जिससे महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिल सके।

## गुलाबी नगरी जयपुर की सड़कों पर दौड़ीं गुलाबी इलेक्ट्रिक बसें

**● जीपीएस, सीसीटीवी व पैनिक बटन से लैस बसें; जून तक 300 से अधिक बसें होंगी शामिल**

**● पीएम ई-बस सेवा के तहत राजस्थान में हरित सार्वजनिक परिवहन की प्रभावी शुरुआत**



चमकता राजस्थान

**जयपुर( खलील कुरैशी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में आधुनिक और पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पीएम ई-बस सेवा के अंतर्गत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 675 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को स्वीकृति दी गई है, जिनमें जयपुर को प्रथम चरण में 150 बसें आवंटित हुई हैं।जयपुर में 9 मीटर और 12 मीटर श्रेणी की ई-बसों का ट्रायल 28 फरवरी 2026 तक जारी रहेगा। नियमित संचालन अप्रैल 2026 से प्रस्तावित है। शहर के बगराना और टोडी डिपो पर संचालन की तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं, जहां दोनों डिपो को 75-75 बसें दी जाएंगी।

**● अत्याधुनिक सुविधाओं और उत्तम सुरक्षा से सुसज्जित है बसें**

ये बसें जीपीएस ट्रैकिंग, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन, ऑटोमैटिक दरवाजे, पैसेंजर डिस्प्ले बोर्ड और दिव्यांगजन हेतु विशेष रैंप जैसी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं। 9 मीटर बस में 25 यात्रियों तथा 12 मीटर बस में 31 यात्रियों के बैठने की क्षमता है, साथ ही व्हीलचेयर की व्यवस्था भी उपलब्ध है।केंद्र सरकार की योजना के तहत राजस्थान को कुल 1150 ई-बसें मिलनी हैं। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से वायु एवं ध्वनि प्रदूषण में कमी आएगी, डीजल खर्च घटेगा और शहरी यातायात व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। राज्य सरकार का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित, किफायती और स्वच्छ परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे शहरी जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित हो सके।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में जेडीए ने दिया बड़ी प्रभावी कार्रवाई को अंज़ाम

## उनीस बीघा भूमि पर दो नवीन अवैध कॉलोनियां गोवर्धन नाम और सांवरिया धाम ध्वस्त

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 26 फरवरी। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के प्रवर्तन दस्ते ने शहर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों एवं अतिक्रमणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जोन-10 में करीब 19 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर विकसित की जा रही दो नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त कर दिया। साथ ही जोन-05 में सूओमोटो कार्रवाई करते हुए रानी सती नगर में सड़क सीमा से अतिक्रमण हटवाए गए तथा जोन-13 में ग्राम अचरोल की बोडानी ढाणी में गैरमुमकिन सरकारी आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

**● रानी सती नगर में सड़क सीमा अतिक्रमण मुक्त**

जोन-05 के अंतर्गत रानी सती नगर में सड़क सीमा पर लगभग 15 स्थानों पर अस्थायी अतिक्रमण पाए गए। इनमें अत्यधिक लंबाई में बनाए गए चबूतरे, रैंप आदि शामिल थे। सूओमोटो के तहत नोटिस जारी कर प्रवर्तन अधिकारी जोन-05 की मौजूदगी में राजस्व एवं तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर जेसीबी मशीनों से अतिक्रमण हटवाए गए और सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### रानी सती नगर में सड़क सीमा से अतिक्रमण हटाया, अचरोल में सरकारी आम रास्ता कराया मुक्त





**● जोन-10 में ''गोवर्धन धाम'' और ''सांवरिया धाम'' पर कार्रवाई**

जेडीए को सूचना मिली थी कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार में ग्राम लागंडियावास स्थित खसरा नंबर 518 व 473 (जिला जयपुर) की करीब 15 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर बिना जेडीए की स्वीकृति एवं बिना भू-रूपांतरण कराए भूमि को समतल कर ''गोवर्धन धाम'' नाम से अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउंड्रीवाल, लोहे का गेट तथा अन्य निर्माण कार्य किए गए थे।
राजस्व एवं तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीनों और मजदूरों की सहायता से मौके पर पहुंचकर निर्माणों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल कर दिया।इसी प्रकार सूगली नदी पशुहटवाड़ा के पास खसरा नंबर 7848/10028 (जिला जयपुर) की लगभग 4 बीघा कृषि भूमि पर ''सांवरिया धाम'' नाम से विकसित की जा रही दूसरी अवैध कॉलोनी पर भी कार्रवाई की गई। यहां भी बिना स्वीकृति एवं बिना भू-रूपांतरण के सड़कें एवं अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे थे, जिन्हें प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त कर दिया गया।

**● अचरोल में सरकारी आम रास्ते से अतिक्रमण हटाया**

जोन-13 के अंतर्गत ग्राम अचरोल, तहसील आमेर, बोडानी की ढाणी स्थित खसरा नंबर 3412/7724, 3412/7731 एवं 3409/7327 की गैरमुमकिन सरकारी आम रास्ते की भूमि पर स्थानीय काश्तकारों द्वारा मिट्टी की डोल बनाकर, झाड़ियां डालकर एवं तारबंदी कर अतिक्रमण किया गया था। सूचना मिलने पर प्रवर्तन दस्ते ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया और आम रास्ते को पुनः मुक्त कराया।

**● मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में संपादित करी गयी**

यह संपूर्ण कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन (प्रथम एवं द्वितीय), प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 05, 13 तथा प्राधिकरण के जाप्ते, लेबर गार्ड एवं संबंधित राजस्व व तकनीकी स्टाफ की उपस्थिति में संपादित की गई।जेडीए ने स्पष्ट किया है कि बिना स्वीकृति एवं बिना भू-रूपांतरण के किसी भी प्रकार की कॉलोनी विकसित करने या अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर में अवैध गैस रिफिलिंग एवं भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

- **विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 60 व्यावसायिक एवं 17 घरेलू सिलेंडर जब्त**

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के आदेशानुसार घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग, अवैध रिफिलिंग, अवैध भण्डारण एवं कालाबाजारी पर अंकुश लगाने तथा मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना एवं एलपीजी आपूर्ति प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जयपुर जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण द्वारा जयपुर शहर में प्रभावी कार्रवाई हेतु चार जांच दलों का गठन किया गया।कार्रवाइयों के दौरान 60 व्यवसायिक एवं 17 घरेलू सिलेंडर सहित कुल 77 गैस सिलेंडर, 1 ट्रक, 11 रेगुलेटर मय रबर पाइप तथा 2 भट्टियां जब्त की गईं। विभाग द्वारा संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।जिला रसद अधिकारी चारण के नेतृत्व में गठित दलों ने अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर व्यापक कार्रवाई की। सतर्कता दल ''ए'' द्वारा प्रताप नगर एवं डीसीएम क्षेत्र में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकान एवं फैक्ट्री सहित विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 2 प्रतिष्ठानों से 8 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 रेगुलेटर एवं रबर पाइप जब्त किए गए।सतर्कता दल ''बी'' ने देवी नगर एवं विवेक विहार, सोडाला क्षेत्र में दबिश देकर 3 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से 7 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 7 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए।सतर्कता दल ''सी'' द्वारा रातल्या रिंग रोड, पुलिस थाना मुहाना मंडी क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान अवैध क्रय-विक्रय एवं अवैध भण्डारण की पुष्टि होने पर 60 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 1 ट्रक जब्त किया गया।सतर्कता दल ''डी'' ने घाटगेट एवं एमडी रोड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 2 प्रतिष्ठानों से 2 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 भट्टियां एवं 2 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए।खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने आमजन से अपील की है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजनों के लिए करें तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि पारदर्शी एवं सुचारू एलपीजी वितरण प्रणाली सुनिश्चित की जा सके।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का राजस्थान आगमन

- **राज्यपाल हरिभाऊ बागडे एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की अगवानी**





**चमकता राजस्थान/जयपुर/जैसलमेर! (खलील कुरैशी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के गुरुवार को राजस्थान आगमन पर जैसलमेर हवाई अड्डे पर गरिमामय स्वागत किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वयं उपस्थित होकर राष्ट्रपति की अगवानी की तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भावभरा अभिनंदन किया।इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवंजनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में राष्ट्रपति का स्वागत अत्यंत सादगी, सम्मान और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। राष्ट्रपति के आगमन को प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया गया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उनके दौरे को राज्य के विकास, सामाजिक सरोकारों और विभिन्न योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया।राष्ट्रपति का यह दौरा प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता और विकास कार्यों की समीक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके स्वागत को लेकर जैसलमेर में विशेष तैयारियां की गई थीं और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

### 27 फरवरी को सांभर झील में बर्ड फेस्टिवल

- **जैव विविधता संरक्षण और प्रवासी पक्षियों के प्रति जागरूकता का प्रयास**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 26 फरवरी।** विश्व प्रसिद्ध सांभर झील में 27 फरवरी को वन विभाग द्वारा कोच्या की ढाणी स्थित इंटरप्रिटेशन सेंटर परिसर में सांभर बर्ड फेस्टिवल आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य झील की समृद्ध वेटलैंड पारिस्थितिकी, जैव विविधता और प्रतिवर्ष आने वाले प्रवासी पक्षियों के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है।महोत्सव में बर्ड वॉचिंग के लिए दूरबीन, स्पॉटिंग स्कोप और ड्रोन की व्यवस्था रहेगी। दुर्लभ पक्षी प्रजातियों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी तथा पारंपरिक नमक उत्पादन का लाइव प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र होगा।स्कूली विद्यार्थियों के लिए बर्ड क्विज, पेंटिंग व जागरूकता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही ।इ्श् ऐप की जानकारी, एवियन बोटुलिज़्म से बचाव संबंधी जागरूकता और 'वेटलैंड मित्र पंजीकरण अभियान' भी चलाया जाएगा।वन विभाग ने पक्षी प्रेमियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आमजन से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### 28 फरवरी को कायड़ क्षेत्र में यातायात दबाव की संभावना

- **पुलिस मुख्यालय ने जारी की एडवाइजरी, भारी वाहन चालकों से सहयोग की अपील**

**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 26 फरवरी।** आगामी 28 फरवरी को प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक किशनगढ़-गेगल-कायड़- ब्यावर मार्ग तथा किशनगढ़- गेगल-कायड़- अजमेर मार्ग के आसपास यातायात दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस मुख्यालय ने भारी वाहन चालकों को इस मार्ग से न गुजरने व वैकल्पिक मार्ग अपनाने की एडवाइजरी जारी की है।एडीजी कानून एवं व्यवस्था वी के सिंह ने बताया कि उक्त समयावधि में इन मार्गों पर ट्रैफिक कंजेशन की स्थिति बन सकती है। आमजन की सुविधा एवं सुगम यातायात संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ट्रैफिक पुलिस द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।उन्होंने बताया कि भारी वाहनों (ट्रक, ट्रेलर एवं अन्य मालवाहक वाहन) को सलाह दी गई है कि वे 28 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक किशनगढ़झगेगल-कायड़-ब्यावर एवं किशनगढ़झगेगल-कायड़- अजमेर मार्ग पर कायड़ एवं गेगल टोल के रास्ते से गुजरने से परहेज करें तथा वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। संबंधित जिलों की पुलिस को डायवर्जन प्लान प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।एडीजी वी.के. सिंह ने कहा कि इस संबंध में सोशल मीडिया, स्थानीय समाचार माध्यमों तथा अन्य संचार माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि वाहन चालक पूर्व योजना बनाकर यात्रा करें और अनावश्यक असुविधा से बच सकें।पुलिस प्रशासन ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों का सहयोग करें तथा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें, जिससे सभी के लिए सुरक्षित एवं सुचारु आवागमन सुनिश्चित हो सके।

राजस्थान विज्ञान महोत्सव का भव्य आगाज़

# ज्ञान, नवाचार और संस्कार से ही बनेगा विकसित भारत 2047 : वासुदेव देवनानी

## नारी सृजन और ज्ञान की मूल शक्ति, भारतीय बेटियां वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट झ स्पीकर

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)26 फरवरी। मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय राजस्थान विज्ञान महोत्सव का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। समारोह में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार, विज्ञान भारती राजस्थान तथा एमएनआईटी जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस राष्ट्रीय महोत्सव में वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, उद्योग प्रतिनिधियों, स्टार्टअप नवाचारकों एवं नीति-निर्माताओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।

- **विकसित भारत के लिए विज्ञान और संस्कार का समन्वय आवश्यक**

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा जब ज्ञान को संस्कार से, विज्ञान को मूल्यों से और तकनीक को मानवता से जोड़ा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह समाज के सतत विकास, नवाचार और मानवीय मूल्यों से जुड़ा व्यापक जीवन दृष्टिकोण है।उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का संतुलित समन्वय भारत को वैश्विक नेतृत्व की दिशा में अग्रसर करेगा।






- **विज्ञान में महिलाएंः विकसित भारत की उत्प्रेरक शक्ति**

कार्यक्रम की थीम ''विज्ञान में महिलाएं झ विकसित भारत के लिए उत्प्रेरक'' पर अपने विचार रखते हुए स्पीकर ने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में नारी को सृजन और ज्ञान की मूल शक्ति माना गया है। प्राचीन काल में गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा जैसी ब्रह्मवादिनी विदुषियों ने वेद, दर्शन और सृष्टि के रहस्यों पर गहन चिंतन कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समृद्ध किया।उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में महिलाओं ने प्रकृति विज्ञान, चिकित्सा, कृषि और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जो आज की सतत विकास अवधारणा से सीधे जुड़ा है। आधुनिक भारत में महिला वैज्ञानिकों की प्रेरक भूमिका देवनानी ने आधुनिक भारत की महिला वैज्ञानिकों का उल्लेख करते हुए कहा कि कल्पना चावला, टेसी थॉमस, रितु करिधाल, वनिथा सहित अनेक वैज्ञानिकों ने देश की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।उन्होंने कहा कि अवसर और संसाधन मिलने पर भारतीय बेटियां वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रही हैं।

- **युवाओं में वैज्ञानिक चेतना विकसित करने की आवश्यकता**

स्पीकर ने कहा कि राज्य की युवा प्रतिभाएं इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अनुसंधान और स्टार्टअप नवाचार के क्षेत्र में नई संभावनाएं गढ़ रही हैं आवश्यकता इस बात की है कि विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विज्ञान को जिज्ञासा, प्रयोग और नवाचार की भावना के साथ पढ़ाया जाए तथा बेटियों को विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाए।उन्होंने कहा कि विज्ञान का उद्देश्य केवल तकनीकी प्रगति नहीं, बल्कि मानव कल्याण और सामाजिक उत्थान होना चाहिए।

- **सामूहिक प्रयासों का आह्वानः वीं श्रीनिवास**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देवनानी ने आ''ान किया कि विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने, नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने और महिला शक्ति को वैज्ञानिक नेतृत्व प्रदान करने के लिए सभी स्तरों पर सामूहिक प्रयास किए जाएं।समारोह में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और वी. सरवन कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।तीन दिवसीय इस महोत्सव में विभिन्न वैज्ञानिक प्रदर्शनी, विचार-विमर्श सत्र, नवाचार प्रस्तुतियां और युवा प्रतिभाओं के लिए विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जो राजस्थान में वैज्ञानिक चेतना के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होंगी।

# जयपुर में अवैध गैस रिफिलिंग एवं भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

- **77 सिलेंडर, एक ट्रक सहित उपकरण जब्त; चार सतर्कता दलों ने अलग-अलग क्षेत्रों में दी दबिश**
- **कार्रवाई कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन एवं डीएसओ जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में की गयी**



चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी)।** घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग, अवैध रिफिलिंग, अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जयपुर जिले में विशेष अभियान चलाया गया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार यह कार्रवाई जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में की गई।मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना एवं एलपीजी आपूर्ति प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए गठित चार सतर्कता दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में समन्वित रूप से कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 77 गैस सिलेंडर (60 व्यावसायिक एवं 17 घरेलू), एक ट्रक, 11 रेगुलेटर मय रबर पाइप तथा 2 भट्टियां जब्त की गईं। विभाग द्वारा संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

- **अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई का विवरण**


सतर्कता दल ''ए'' ने प्रताप नगर एवं डीसीएम क्षेत्र में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों और फैक्ट्रियों पर निरीक्षण किया। इस दौरान 2 प्रतिष्ठानों से 8 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 2 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए गए।सतर्कता दल ''बी'' ने देवी नगर एवं विवेक विहार (सोडाला) क्षेत्र में दबिश देकर 3 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से 7 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 7 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए।सतर्कता दल ''सी'' ने रातल्या रिंग रोड एवं पुलिस थाना मुहाना मंडी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध क्रय-विक्रय और भंडारण की पुष्टि पर 60 गैस सिलेंडर एवं एक ट्रक जब्त किया।सतर्कता दल ''डी'' ने घाटगेट एवं एमडी रोड क्षेत्र में निरीक्षण कर 2 प्रतिष्ठानों से 2 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 भट्टियां तथा 2 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए।

- **विभाग की अपील**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने आमजन से अपील की है कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजनों के लिए करें। किसी भी प्रकार की अवैध रिफिलिंग, भंडारण या कालाबाजारी की सूचना विभाग को दें, ताकि पारदर्शी, सुरक्षित और सुचारू एलपीजी वितरण प्रणाली सुनिश्चित की जा सके।

# आईपीएस राहुल प्रकाश ने संभाला जयपुर रेंज आईजी का पदभार





- **एडीजीपी एच.जी.आर. सुहास को भावभीनी विदाई, गरिमामय समारोह में हुआ सम्मान**
- **संगठन की सफलता का आधार टीमवर्क और पारदर्शी प्रशासन होता हैः- एच.जी.आर सुहास**

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राहुल प्रकाश ने पुनः जयपुर रेंज के आईजीपी पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर एडीजीपी एवं आईजीपी जयपुर रेंज एच. जी.आर. सुहास के स्थानांतरण पर एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।समारोह के दौरान अधिकारियों ने सुहास के नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में जयपुर रेंज में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रही तथा पुलिस कार्यप्रणाली में सकारात्मक और प्रभावी सुधार देखने को मिले। उन्होंने टीम भावना, अनुशासन और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए विभाग को नई दिशा दी।इस अवसर पर आईजीपी राहुल प्रकाश, एसपी जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा, एएसपी सुरेश जेफ तथा एएसपी रजनीश पूनिया ने एच.जी.आर. सुहास को पारंपरिक साफा पहनाकर एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने उनके योगदान को अनुकरणीय बताते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

- **संगठन की सफलता का आधार टीमवर्क और पारदर्शी प्रशासन होता हैः- एच.जी.आर सुहास**

अपने संबोधन में एच.जी.आर. सुहास ने समस्त अधिकारियों और कार्मिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी संगठन की सफलता का आधार टीमवर्क और पारदर्शी प्रशासन होता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जयपुर रेंज की टीम आगे भी इसी समर्पण, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।समारोह का वातावरण आत्मीय, सम्मानपूर्ण और भावनात्मक रहा, जहां उपस्थित अधिकारियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा नवपदस्थ आईजीपी राहुल प्रकाश के नेतृत्व में रेंज के और अधिक सशक्त एवं प्रभावी होने का विश्वास जताया।

विधानसभा में गरजा विपक्षः

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील,मनरेगा और पंचायती राज पर भाजपा सरकार घिरी

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को सदन के भीतर और बाहर राजनीतिक हलचल तेज रही। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ तीखा प्रदर्शन किया। भारत-अमेरिका ट्रेड डील, मनरेगा और पंचायती राज संस्थाओं की स्थिति को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और पारदर्शिता की मांग की।

- **भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर सवाल**

विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए टीकाराम जूली ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को देशहित के विरुद्ध बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समझौते में किसानों, लघु व्यापारियों और मध्यम वर्ग के हितों की अनदेखी की गई है।जूली ने कहा कि व्यापार और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार को स्पष्ट नीति और पारदर्शी रुख अपनाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस डील की शर्तों और उसके संभावित प्रभावों पर सार्वजनिक स्पष्टीकरण देने की मांग की।




- **मनरेगा को कमजोर करने का आरोप**

सदन में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान जूली ने मनरेगा योजना का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और लाखों परिवारों को रोजगार सुरक्षा प्रदान करती है।उनका आरोप था कि केंद्र सरकार वित्तीय हिस्सेदारी में बदलाव कर राज्यों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है, जिससे योजना की प्रभावशीलता प्रभावित हो सकती है। उन्होंने इसे ग्रामीण गरीबों के हितों के खिलाफ कदम बताया।

- **पंचायती राज पर सवैधानिक प्रश्न**

नेता प्रतिपक्ष ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव समय पर न कराए जाने को लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया। उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था संविधान की मूल भावना से जुड़ी है और इसे कमजोर करना लोकतंत्र को कमजोर करना है।जूली ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि राजस्थान पंचायती राज का अग्रणी प्रदेश रहा है, इसलिए यहां लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

- **सत्ता पक्ष का रुख**

विपक्ष के आरोपों के बीच सत्ता पक्ष का कहना है कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील देश के दीर्घकालिक आर्थिक हितों को ध्यान में रखकर की जा रही है। साथ ही मनरेगा और पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि विधानसभा के बजट सत्र में उठे ये मुद्दे आने वाले समय में प्रदेश और राष्ट्रीय राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विपक्ष जहां सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े कर रहा है, वहीं सरकार विकास और सुधारों का पक्ष रख रही है। स्पष्ट है कि इन विषयों पर सदन के भीतर बहस और राजनीतिक संघर्ष अभी जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान संघ श्रीनगर तहसील की बैठक आयोजित



**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर/ अजमेर।** भारतीय किसान संघ के निर्देशानुसार तहसील श्रीनगर की मासिक बैठक दिनांक 26 फरवरी को बालाजी की बगीची बस स्टैंड श्रीनगर में तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गुजर संरक्षक रामकरण यादव प्रभारी शंकर सिंह रावत के आतिथ्य में भगवान बलराम व भारत माता को माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया शंकर सिंह रावत मंत्री ने पूर्व बैठक मे लिए प्रस्ताव को बताया और क्रियान्विति को बताया जांगिड़ ने जिले के जिन गांवों में से भारत माला रोड बन रही है उन किसानो को जिनकी जमीन अधिग्रहित की जा रही है उन्हें मुआवजा के बारे में बताया रामपाल पडियार ने बताया कि सरकार किसानों को डिएलसी दर से चार गुना मुआवजा दे रही है इस पर यादव ने कहा कि किसान संघ द्वारा हमें दस गुना मुआवजा दिलाने हेतु ज्ञापन दिये जाय गुजर ने सर्वसम्मति से मुहर लगाई और कहा कि जिले में किसानो की जमीन में आ रही राजस्व विभाग की अनदेखी को सुधारने हेतु कलेक्टर को ज्ञापन दिया जायेगा कि प्रशासन द्वारा शिविर आयोजित किए जाएं जिसमें सत्यापन हो कि जमीन का खाता खसरा नक्शा मोका और नाम सही हो तह अध्यक्ष ने सदन को बताया कि अभी पूरे देश में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किये उसी प्रकार गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के क्रम में पूरे देश में गौमाता सम्मान अभियान चलाया जा रहा है प्रत्येक तहसील स्तर पर हस्ताक्षर शुदा ज्ञापन 27 अप्रेल को दिया जायेगा इसलिए हमें तैयार रहना है जागरूक होना हैं मेवा सिंह फौजी उपाध्यक्ष ने कहा कि मुर्गी पालन जो कृषि में है उन पर विधुत विभाग मनमानी कर रहा है कृषि कनेक्शन को व्यवसायिक में परिवर्तन कर किसानों से अधिक बिल वसूलें जा रहे जो सरासर ग़लत है इस निर्णय लिया गया कि अतिशीघ्र सरकार को ज्ञापन देकर इस समस्या का समाधान कराया जायेगा रमेश माली ने बताया कि श्रीनगर में बन रही पुलिया निर्माण में अनियमितताएं बरती जा रही है लोगों के आवागमन में बाधाएं आ रही है आसपास से आने वाले छोटे वाहनों को रोड में कट नहीं होने से परेशानी हो रही है इस पर अमल करना जरूरी है एन एच आई वी सरकार से सम्पर्क किया जा ए शंकर सिंह रावत ने अवगत कराया कि 28 फरवरी को प्रधानमंत्री की जनसभा में ज्यादा से ज्यादा किसानों को कार्ड विश्राम स्थली में पहुंचना है।

### पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, चौमूं-दूदू हाईवे के चौड़ाईकरण की मांग




**चमकता राजस्थान/संदीप कुमावत /चौमूं।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके जयपुर स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने चौमूं विधानसभा क्षेत्र के विकास और बुनियादी ढांचे को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। मुलाकात के दौरान रामलाल शर्मा ने विशेष रूप से चौमूं से दूदू (महला) हाईवे की चौड़ाई बढ़ाने का मुद्दा प्रमुखता से रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बजट एवं डीपीआरः बजट वर्ष 2024-25 में इस सड़क की डीपीआर तैयार करने हेतु 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की गई थी, जिसका कार्य अब पूर्ण हो चुका है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि यदि तकनीकी कारणों से पूरी सड़क को एक साथ स्वीकृत करना संभव न हो, तो प्रथम चरण में चौमूं से रेनवाल तक के मार्ग के लिए बजट स्वीकृति की घोषणा की जाए। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र की अन्य मुख्य सड़कों के नवीनीकरण, रिपेयरिंग और चौड़ाई बढ़ाने की भी मांग रखी ताकि आमजन को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।

---

एलडीएम-डीडीएम सम्मेलन में वित्तीय विशेषज्ञों ने किया मंथन

# वित्तीय समावेशन ही है सतत एवं समावेशी विकास की आधारशिला

**भारतीय रिज़र्व बैंक, जयपुर के तत्वावधान में हुआ आयोजन**

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 26 फरवरी।** भारतीय रिज़र्व बैंक के जयपुर कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जयपुर में एलडीएम-डीडीएम सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, जयपुर द्वारा की गई। कार्यक्रम में राजस्थान राज्य के सभी बैंकों के राज्य प्रमुख, अग्रणी जिला प्रबंधक, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।अपने उद्घाटन संबोधन में



क्षेत्रीय निदेशक महोदय ने वित्तीय समावेशन को मात्र नियामकीय अनुपालन न मानते हुए इसे सतत एवं समावेशी आर्थिक विकास की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करना, ग्रामीण एवं कृषि ऋण प्रवाह को सुदृढ़ करना तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना सभी हितधारकों की साझा जिम्मेदारी है।सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन रणनीति के उद्देश्यों के अनुरूप राज्य स्तर पर प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष रूप से ग्रामीण एवं कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह-बैंक लिंकेज कार्यक्रम, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल भुगतान के प्रसार तथा आरसेटी प्रशिक्षुओं के ऋण-संबंधन जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई।बैठक में विभिन्न जिलों द्वारा किए गए उल्लेखनीय प्रयासों एवं नवाचारी पहलों की प्रस्तुति भी दी गई। प्रतिभागियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित कर जमीनी स्तर की चुनौतियों एवं उनके व्यावहारिक समाधानों पर विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि राजस्थान राज्य में वित्तीय समावेशन, कृषि एवं ग्रामीण ऋण प्रवाह तथा डिजिटल वित्तीय सेवाओं की पहुंच को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे समावेशी एवं संतुलित आर्थिक विकास को गति मिल सके।

---

## गलतागेट थाना पुलिस ने वाहन चोरी के प्रकरण का किया खुलासा: आरोपी बिलाल अहमद को किया गिरफ्तार

**मस्जिद के बाहर से चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद, नशे की लत के लिए करता था वारदात**

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी/ पुलिस थाना गलतागेट ने वाहन चोरी के एक प्रकरण का त्वरित एवं प्रभावी खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरों के विरुद्ध सख्त संदेश गया है।

**● प्रकरण का विवरण**

परिवादी फरीद खान पुत्र मुमताज खान, निवासी बी-36 अहमद नगर, दरबार कॉलोनी, दिल्ली रोड, जयपुर ने दिनांक 25 फरवरी 2026 को थाना गलतागेट में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 फरवरी 2026 को वह अपनी मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर (फख14दल5476) से लाल मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने गए थेमोटरसाइकिल को वीकेन स्कूल की गली के कोने पर खड़ा किया गया था, किन्तु नमाज के पश्चात लौटने पर वाहन गायब मिला। इस संबंध में थाना गलतागेट पर अभियोग संख्या 63/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।

**● उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कार्रवाई**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करन शर्मा (आईपीएस) के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीरज पाठक के पर्यवेक्षण तथा सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज आदित्य पूनियां के निर्देशन में थानाधिकारी धर्म सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

सीसीटीवी से मिला सुराग, आरोपी गिरफ्तार गठित टीम ने घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक युवक को मोटरसाइकिल चोरी करते हुए चिन्हित किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी बिलाल अहमद को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार की। उसके कब्जे से चोरी कीमोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के लिए चोरी करता था।गिरफ्तार आरोपी बिलाल अहमद पुत्र अनीस अहमद, उम्र 20 वर्ष, निवासी छावनी पटेल चौक, टोंक।बरामदगी चोरी की मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर (फख14दल5476) बरामद।

**● पुलिस टीम**

धर्म सिंह, पुलिस निरीक्षक (थानाधिकारी) हनुमान सिंह, हैड कांस्टेबल (1793) प्रदीप सिंह, हैड कांस्टेबल (1229)विनीत, कांस्टेबल (7613) पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने एवं संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

---

## सीआईडी क्राइम ब्रांच की बड़ी सफलता: दुल्हन सौदेबाजी गिरोह का मास्टरमाइंड महावीर सुथार गिरफ्तार

**मानसरोवर से 10 हजार का इनामी दबोचा, अंतर्राज्यीय नेटवर्क पर कसा शिकंजा**

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 26 फरवरी।** राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच ने दुल्हन सौदेबाजी और फर्जी विवाह के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी महावीर सुथार को जयपुर के मानसरोवर स्थित भारत माता सर्किल से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर बालोतरा पुलिस द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था।यह कार्रवाई अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (सीआईडी क्राइम) बिपिन कुमार पाण्डेय के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रयी के सुपरविजन में गठित विशेष टीम ने की। सूचना के आधार पर उप निरीक्षक शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को दबोचा और बालोतरा की थाना गिड़ा पुलिस के सुपुर्द कर दिया।



**● मगाराम केस में था नामजद**

महावीर सुथार सितंबर 2023 में बालोतरा निवासी मगाराम से फर्जी शादी के नाम पर 2.50 लाख रुपये की ठगी के मामले में नामजद था। वह मुख्य सरगना भंवरलाल शर्मा व अन्य साथियों के साथ मिलकर युवकों को शादी का झांसा देकर रकम ऐंठता और ब्लैकमेल करता था।

**● पांच राज्यों तक फैला नेटवर्क**

प्रारंभिक जांच में गिरोह का नेटवर्क राजस्थान सहित कोलकाता, असम, बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड तक फैला होना सामने आया है। पुलिस को पूछताछ में कई अहम खुलासों की उम्मीद है।इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिससे संगठित विवाह ठगी गिरोह पर प्रभावी अंकुश लगने की संभावना है।

---

## आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में जेडीए कार्यकारी समिति की 260 वीं बैठक में लिए गए अहम निर्णय।

**● सांगानेर में 240 करोड़ की एलिवेटेड रोड को स्वीकृति, यातायात जाम से मिलेगी राहत**



**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 26 फरवरी।** जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में मंथन सभागार में गुरुवार को कार्यकारी समिति की 260 वी बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकासात्मक एवं अवसंरचनात्मक प्रकरणों पर विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत आवश्यक निर्णय लिए गए।बैठक में महाजन द्वारा जोन-8 के अंतर्गत सांगानेर फ्लाईओवर से मालपुरा गेट के समीप तक, चोरड़िया पेट्रोल पंप होते हुए प्रस्तावित एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य को कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

उल्लेखनीय है कि सांगानेर क्षेत्र में यातायात दबाव एवं निरंतर जाम की समस्या के निराकरण हेतु सांगानेर फ्लाईओवर से चोरड़िया पेट्रोल पंप, जयपुर होते हुए मालपुरा गेट के समीप तक तथा चोरड़िया पेट्रोल पंप से कल्याणपुरा आरओबी तक यातायात सुधार के उद्देश्य से एलिवेटेड रोड निर्माण का निर्णय बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अंतर्गत लिया गया था । सांगानेर क्षेत्र में यातायात मूवमेंट/सर्कुलेशन का विस्तृत सर्वेक्षण कराए जाने के उपरांत यह पाया गया कि उक्त मार्गों पर नियमित रूप से यातायात जाम की स्थिति बनी रहती है।कंसल्टेंट द्वारा प्रस्तुत सुझावानुसार सांगानेर फ्लाईओवर से कल्याणपुरा आरओबी के निकट तक चार लेन एलिवेटेड रोड तथा चोरड़िया पेट्रोल पंप से डिग्गी मालपुरा गेट के समीप तक दो लेन एलिवेटेड रोड के निर्माण का प्रस्ताव है। इस परियोजना पर लगभग 240 करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है। परियोजना के पूर्ण होने पर सांगानेर क्षेत्र में यातायात सुगमता, समय की बचत तथा प्रदूषण में कमी होगी।इसी के साथ सांगानेर क्षेत्र में सीवरेज सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत बंबाला क्षेत्र के समीप सीक्वेंशियल बैच रिएक्टर (एसबीआर) तकनीक पर आधारित 40 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के इंजीनियरिंग, प्रोक्योरिंग, कंस्ट्रक्शन एंड कमीशनिंग (एढउउ) तथा परफॉर्मेंस आधारित कार्यों हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। यह परियोजना क्षेत्र में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।बैठकमेंनिदेशकवित्तसुरेशवर्मा,निदेशक अभियांत्रिकी-द्वितीय अजय गर्ग, निदेशक आयोजना मृणाल जोशी एवं अतिरिक्त आयुक्त भागचंद बधाल उपस्थित रहे।कार्यकारी समिति द्वारा लिए गए ये निर्णय राज्य सरकार की जनहितकारी नीतियों के अनुरूप शहरी विकास के सुदृढ़ीकरण और सुगम, सुरक्षित एवं आधुनिक जयपुर के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं।

---

# ऑपरेशन शटरडाउन: साइबर माफिया पर झालावाड़ पुलिस का ऐतिहासिक प्रहार

**BNSS की धारा 107 का देश में पहला प्रभावी उपयोग, 51 गिरफ्तार; करोड़ों की संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया शुरू**

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 26 फरवरी।** झालावाड़ पुलिस ने सरकारी योजनाओं में सेंध लगाकर करोड़ों रुपये के गबन करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन शटरडाउन' के तहत 51 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 33 आरोपियों की अवैध कमाई से अर्जित चल-अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि गिरोह पीएम किसान सम्मान निधि, दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पोर्टल में अनधिकृत प्रवेश कर अपात्र व्यक्तियों के नाम जोड़कर सरकारी खजाने को चूना लगा रहा था। आरोपियों के कब्जे से सरकारी अधिकारियों के एसएसओ आईडी-पासवर्ड और लाखों किसानों का संवेदनशील डेटा बरामद हुआ है।

**● आर्थिक नेटवर्क पर निर्णायक प्रहार**

जांच अधिकारी सीओ भवानीमंडी प्रेम कुमार ने तकनीकी व वित्तीय साक्ष्यों के आधार पर स्पष्ट किया कि जब्त संपत्तियां सीधे तौर पर सरकारी धन की हेराफेरी से अर्जित की गई हैं। संगठित साइबर अपराध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) 2023 की धारा 107 का संभवतः देश में पहली बार प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।

**● कुर्की की जद में संपत्तियां**

22 मकान (3 दुकानों सहित) व 3 निर्माणाधीन कोठियां 8 प्राइम प्लॉट व 2 कृषि भूमि 16 लग्जरी कारें, 18 बाइक, 1 ट्रैक्टर1 सीएनसी फैक्ट्री व 1 व्यावसायिक दुकान चार चरणों में 700 किमी तक फैला अभियान 22 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए अभियान में राजस्थान, दिल्ली, पंजाब और मध्यप्रदेश तक दबिश दी गई।शटरडाउन 1.0: 30 रेड टीमों द्वारा 18 ठिकानों पर कार्रवाई, 30 गिरफ्तार, 52.69 लाख नकद बरामद।2.0 से 4.0: क्लोन वेबसाइट डेवलपर्स, नोडल लिंक और तकनीकी सहयोगियों सहित शेष आरोपियों की गिरफ्तारी।जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ के निर्देशन में विभिन्न विभागों ने संपत्तियों का सत्यापन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने आगे की जांच स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (रडॠ) को सौंप दी है।ऑपरेशन शटरडाउन साइबर अपराधियों के आर्थिक साम्राज्य को ध्वस्त करने की दिशा में एक मिसाल माना जा रहा है, जिसने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि अब अपराध की कमाई भी सुरक्षित नहीं

---

## घरेलू गैस दुरुपयोग पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, चार प्रतिष्ठानों से 57 सिलेंडर जब्त

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** घरेलू गैस के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए राज्य स्तरीय विशेष अभियान के तहत मंगलवार को बाड़ी क्षेत्र में जिला रसद कार्यालय की टीम ने सघन कार्रवाई की। जिला रसद अधिकारी मणि खींची के निर्देशन में प्रवर्तन दल ने कुल चार प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया, जिसमें व्यापक अनियमितताएं सामने आईं। प्रवर्तन दल ने बाड़ी शहर के दिवाईपाड़ा, गांधी पार्क के पास दाउदयाल/ अशोक की दुकान पर छापा मारकर 44 भरे एवं 3 खाली घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध क्रय-विक्रय और भंडारण पकड़ा। इसके अलावा पास ही स्थित सुरेशचंद एवं दिनेशचंद की दुकानों के



निरीक्षण में 9 घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण एवं विक्रय पाया गया। इसी क्रम में घंटाघर क्षेत्र स्थित मंगल मिष्ठान भंडार पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए 4 सिलेंडर, रेगुलेटर, नली एवं भट्टी जब्त की गई। जांच में स्पष्ट हुआ कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यवसायिक गतिविधियों में किया जा रहा था, जो एलपीजी(विनियमन) नियंत्रण आदेश, 2000 का उल्लंघन है। कार्रवाई के दौरान कुल 57 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए राजकीय सुपुर्दगी में लेकर बाड़ी स्थित शंभू गैस सर्विस को सौंपे गए। संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों को भविष्य में घरेलू गैस का अवैध भंडारण एवं व्यावसायिक दुरुपयोग न करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला रसद अधिकारी ने चेतावनी दी कि अभियान के अंतर्गत आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के तहत दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन के हित में यह अभियान निरंतर संचालित रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भविष्य की उड़ान'' शिक्षा के प्रति जागरूकता, उत्तरदायित्व एवं जनभागीदारी को दे रही बढ़ावा

- ग्रामवासियों एवं विद्यालय स्टाफ ने 31 हजार रुपए की राशि भेंट की




**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सवाई माधोपुर जिले में संचालित अभिनव पहल ''भविष्य की उड़ान'' ग्रामीण समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता, उत्तरदायित्व एवं जनभागीदारी को सशक्त रूप से बढ़ावा दे रही है।

इसी क्रम में खंडार क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बरनावदा के भौतिक विकास हेतु ग्रामवासियों एवं विद्यालय स्टाफ ने सामूहिक आर्थिक सहयोग से 31 हजार रुपए की राशि एकत्रित कर विद्यालय को दान स्वरूप प्रदान की गई है।

कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि उक्त सहयोग राशि का चैक विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के अंतर्गत जमा कराने हेतु जिला कलक्टर काना राम एवं एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता को सौंपा गया।

उन्होंने बताया कि 31 हजार रुपए के जनसहयोग पर राज्य सरकार से लगभग 46 हजार रुपए की अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी। इस प्रकार विद्यालय को कुल 77 हजार रुपए उपलब्ध होंगे, जिससे विद्यालय में आईसीटी लैब मरम्मत एवं फर्नीचर क्रय सहित आवश्यक भौतिक विकास कार्य कराए जाएंगे।

इस दौरान सीडीईओ मीना लसाडिया, डीईओ प्रारंभिक देवी लाल मीणा, डीईओ माध्यमिक हरकेश मीणा सहित शिक्षा विभाग के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सालरिया-नाडोल सड़क के नवीनीकरण की मांग तेज, 28 फरवरी को जनआंदोलन की चेतावनी



**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/रानी (पाली)।** सालरिया से नाडोल तक जर्जर सड़क के नवीनीकरण/डामरीकरण की मांग को लेकर ग्रामवासियों ने उपखंड अधिकारी रानी को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि शीघ्र कार्यवाही नहीं होने पर 28 फरवरी 2026 को किशनपुरा चौराहे पर जनआंदोलन किया जाएगा।

ज्ञापन में बताया गया कि इससे पूर्व 17 फरवरी 2026 को भी प्रशासन को अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। यह मार्ग जेतपुरा फांटा ठल्-62 से नाडोल मुख्य सड़क तक करीब 30 किलोमीटर लंबा है और सुमेरपुर, मारवाड़ जंक्शन व बाली विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरता है। सुमेरपुर व बाली क्षेत्र का हिस्सा नवीनीकृत हो चुका है, जबकि मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र में सालरिया तक का कुछ भाग सीसी रोड बना है। शेष लगभग 6.9 किलोमीटर सड़क पूरी तरह जर्जर पड़ी है, जिसे लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क जोधपुर-उदयपुर के बीच महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। खराब हालत के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं और गंभीर मरीजों व गर्भवती महिलाओं को समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है। साथ ही विद्यार्थियों को नाडोल पढ़ने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, विशेषकर परीक्षा काल में स्थिति और विकट हो जाती है। ग्रामवासियों ने जनहित व जनजीवन की सुरक्षा को देखते हुए सड़क का शीघ्र नवीनीकरण कराने की मांग की है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो समस्त ग्रामवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

---

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर हो रहा आयोजन

# महिला शक्ति, आत्मनिर्भरता का सशक्त हस्ताक्षर है नारी चौपाल : डॉ. प्रेमचंद बैरवा

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर जिला प्रशासन का नारी चौपाल कार्यक्रम महिला शक्ति, आत्मनिर्भरता का सशक्त हस्ताक्षर है। नारी चौपाल वह मंच है जहां महिलाएं केवल श्रोता नहीं रहतीं, बल्कि अपनी बात कहती हैं, समाधान सुझाती हैं और नेतृत्व की भूमिका निभाती हैं। यह पहल महिलाओं को घर की चौखट से बाहर निकालकर सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बनाती है। यह कहना है उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का।

डॉ. बैरवा ने यह बात सक्षम जयपुर अभियान के तहत दूदू में आयोजित नारी चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। साथ ही डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि नारी चौपाल जैसे कार्यक्रमों में जब महिलाएं खुलकर अपने अनुभव साझा करती हैं, योजनाओं की जानकारी प्राप्त करती हैं और प्रशासन से सीधे संवाद करती हैं, तब आत्मनिर्भरता की वास्तविक नींव रखी जाती है।

डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने नारी चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि विकसित राजस्थान की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब महिला शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर होती है तो समाज में समृद्धि और संवेदनशीलता दोनों का विकास होता है। उन्होंने महिलाओं से सरकारी योजनाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों और स्वरोजगार अवसरों का अधिकाधिक लाभ उठाने का आ''ान किया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की पहुंच अंतिम छोर तक सुनिश्चित की जाए।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जयपुर जिले में महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर नई दिशा देने के उद्देश्य से संचालित सक्षम जयपुर अभियान के अंतर्गत दूदू में आयोजित नारी चौपाल महिला नेतृत्व, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लेकर यह संदेश दिया कि बदलते राजस्थान में महिलाएं निर्णायक भूमिका निभाने को तैयार हैं।

दूदू में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मृणाल कुमार, दूदू, फागी एवं मौजमाबाद के उपखण्ड अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, आत्मरक्षा प्रशिक्षण और प्रेरक अनुभव साझा कर अपनी प्रतिभा एवं नेतृत्व क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया।

महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि मारवाड़ी लोकगीत, लोकनृत्य एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सामाजिक संदेशों को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। ''हम होंगे कामयाब'' और ''मेरा काम–मेरा सम्मान'' जैसी प्रस्तुतियों ने आत्मनिर्भरता, सम्मान और स्वाभिमान का सशक्त संदेश दिया।

नारी चौपाल में महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, शिक्षा, पुलिस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित विभिन्न विभागों द्वारा सहायता काउंटर लगाए गए, जहां महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वरोजगार संबंधी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मौके पर ही मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई, जिससे यह आयोजन केवल संवाद तक सीमित न रहकर समाधान केंद्रित पहल के रूप में स्थापित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं ने सक्षम जयपुर अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर कर 'बेटी बचाओझ्रबेटी पढ़ाओ' की शपथ ली। नोडल अधिकारी श्री मृणाल कुमार द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

डॉ. डोगीवाल ने कहा कि नारी चौपाल महिलाओं को जागरूक, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की सतत पहल है। यहां प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं के आधार पर प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन को बल मिल रहा है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार जयपुर जिले के सभी उपखंडों में नारी चौपाल कार्यक्रम चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। दूदू की यह नारी चौपाल इस बात का प्रमाण है कि जब अवसर और मंच मिलता है, तो महिला शक्ति समाज परिवर्तन की अग्रणी धुरी बन जाती है।

---

जीत से शुरू किया गत चैम्पियन हिमाचल प्रदेश ने विजयी अभियान

## खिलाडी जितने ज्यादा मैच खेलेगें, उतना ही मैच टेम्परामेन्ट डवलप होगा: कर्नल राज्यवर्धन राठौड़





- मेजबान राजस्थान ने दोनों मैच जीते
- 20वीं आल इंडिया हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल चैम्पियनशिप शुरू

चमकता राजस्थान

जयपुर। गुरुवार को सवाई मान सिंह इंडोर स्टेडियम में शुरू हुई तीन दिवसीय 20वी ऑल इंडिया हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप-2025-26 का उद्घाटन युवा मामले एवं खेल तथा उद्योग मंत्री, राजस्थान सरकार व ओलम्पिक रजत पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कलाल एवं मानद सचिव यश प्रताप सिंह तथा टूर्नामेंट में भाग ले रही प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्य हैंडबॉल संघ के संरक्षक महेंद्र शर्मा एवं जय अहूजा भी मौजूद थे। उद्घाटन के अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल तभी बेहतर होता है, जब खिलाडियों को मौका मिले, खिलाडी जितने ज्यादा मैच खेलेगें, उतना ही मैच टेम्परामेन्ट डवलप होगा। जब आप खेले तो स्कोर बोर्ड की ओर ना देखें और केवल अपने खेल पर ध्यान दे, सफलता मिली तो अच्छा है, नहीं मिली तो कल जरूर मिलेगी, लेकिन प्रयास कभी भी नहीं छोडना चाहिए। हमेशा रेफरी के निर्णय का सम्मान करें।

उन्होंने कहा कि जब में सेना में था तब मैंने हैंडबॉल भी खेलता था, आज सबके बीच उपस्थित होकर अच्छा लग रहा है। ऐसे खिलाडियों के बीच जिन्होनें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि विगत दिनों जब कोचेस से संवाद कर रहा था तो उन्होंने प्रैक्टिस इंडोर हॉल की आवश्यकता जताई थी। इसके लिए हमने एक प्रस्ताव भिजवा दिया है मुझे उम्मीद है कि मुख्यमंत्री जल्दी ही हैंडबॉल इंडोर प्रैक्टिस हॉल की घोषणा कर सकते है।

राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट में भाग ले रही प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

गत चैंपियन हिमाचल प्रदेश ने अपना विजयी अभियान शुरू करते हुए पंजाब को 24-19 (19-6) गोलो से हराया। मेजबान राजस्थान ने भी विजयी शुरुवात करते हुए आज अपने दोनों मैचों में जीत दर्ज की। पहले मैच में उन्होंने जहाँ उत्तर प्रदेश को 19-15 (10-9) से हराया। वही दूसरे मैच में सीआईएसएफ को 20-17 (07-07) से हराया।

समाचार लिखे जाने तक अन्य मैचों में एलपीयू-फगवाड़ा ने दिल्ली को एकतरफा मैच में 27-7 (15-1) से, गत उपविजेता उत्तर रेलवे ने बीएसएफ को 19-14 (10-5) से, सीआईएसएफ ने दिल्ली को 20-15 (11-9) से, बीएसएफ ने हरियाणा को 19-17 (11-08) से, नॉर्दर्न रेलवे ने पंजाब को 24-13 (17-08) से पराजित किया। शुक्रवार को खेले जाने वाले मैच इस प्रकार हैः- राजस्थान बनाम एलपीयू-फगवाड़ा, उत्तर प्रदेश बनाम सीआईएसएफ, बीएसएफ बनाम हिमाचल प्रदेश, नॉर्दर्न रेलवे बनाम हरियाणा, उत्तर प्रदेश बनाम एलपीयू-फगवाड़ा, बीएसएफ बनाम पंजाब, हरियाणा बनाम हिमाचल प्रदेश, राजस्थान बनाम दिल्ली, सीआईएसएफ बनाम एलपीयू-फगवाड़ा हरियाणा बनाम पंजाब।

---

### भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

- हनुमान मंदिर प्रांगण के सामने उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**चमकता राजस्थान/करावन।** क्षेत्र के सिह पुर में स्थित श्री हनुमान मंदिर प्रांगण के सामने आयोजक कर्ता के जनसहयोग से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन गुरूवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर कथा स्थल को भव्य रूप से फूल-मालाओं एवं रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। इस अवसर पर वासुदेव-देवकी एवं बाल स्वरूप श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, पूरा पंडाल ''जय कन्हैया लाल की'' के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में झूमते हुए नृत्य करने लगे। कथा वाचक पं. कैलाश चन्द्र भारद्वाज (सिंह पुर)ने गुरूवार को श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार, अनाचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं।

कथा के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंत में भगवान श्रीकृष्ण की आरती की गई, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

पूरा वातावरण भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आया। इस दौरान आयोजन कर्ता पूर्व सरपंच भगवान सिंह करण सिंह दाणी सिंह नैन सिंह आदि मौजूद रहे।

### दुर्घटना को न्यौता देते टोटो चालक


**चमकता राजस्थान/लखीसराय/सौरव कुमार।** ड्राइवर की एक छोटी सी गलती या लापरवाही कब दुर्घटना में बदल जाए कहना मुश्किल है यह फोटो 25 फरवरी 2026 की दोपहर करीब 2 बजे की है जो कि लखीसराय रेलवे स्टेशन पुल के नीचे का है जो कि काफी भीड़ भाड़ वाला क्षेत्र माना जाता है वहा से गुजरते हुए पाया गया यहाँ यातायात पुलिस कि कई जवान कार्य करते है फिर भी ओवरलोड टोटो गाड़ी को पुलिस से डर नही है अगर गलती से भी टोटो असंतुलित होगा तो ना जाने कितने लोग दुर्घटना के शिकार हो सकते है लखीसराय बाजार में कई नाबालिक भी गलत तरीके से गाड़ी चलाते पाए जाते है जिला प्रशासन द्वारा भी सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसके बाबजूद लोग मनमानी करने से बाज नही आते है ।

---

28 फरवरी को अजमेर प्रवास के दौरान भेंट हेतु समय मांगा

# अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 10 सूत्रीय मांगपत्र भेजा

चमकता राजस्थान



**रघुनंदन पारीक श्रीनगर।** अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र प्रेषित कर सहकारिता आधारित डेयरी क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु 10 सूत्रीय मांगपत्र भेजा है तथा दिनांक 28 फरवरी को उनके अजमेर प्रवास के दौरान प्रदेश के 11 सदस्यीय सहकारिता जनप्रतिनिधि दल को सौजन्य भेंट हेतु समय प्रदान करने का विनम्र अनुरोध किया है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि भारत का दुग्ध उद्योग देश की अर्थव्यवस्था एवं करोड़ों किसानों-पशुपालकों की आजीविका की रीढ़ है। सहकारी क्षेत्र के पशुपालकों की मेहनत से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलती है, साथ ही पोषण सुरक्षा और रोजगार का सुदृढ़ आधार भी सुनिश्चित होता है। किंतु वर्तमान में डेयरी क्षेत्र से जुड़ी अनेक गंभीर समस्याएँ देशभर के पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों एवं सहकारी संस्थाओं को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रही हैं।

प्रमुख 10 माँगें इस प्रकार हैं :

भारत सरकार के रिजके के बीज के निर्यात आदेश पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा भारत सरकार के 113 कृषि फार्मों पर रिजके का बीज टी-1 एवं टी-3 युद्ध स्तर पर पैदा किया जाए।

कृषि मंत्रालय द्वारा गायों की लंपी बीमारी के लिए Goatpox इंजेक्शन के स्थान पर Cowpox इंजेक्शन युद्ध स्तर पर तैयार कर पूरे देश के जिला दुग्ध संघों को सस्ती दर पर उपलब्ध करवाया जाए।

पशुओं में FMD बीमारी के निदान हेतु वर्तमान में दो टीकों के स्थान पर एक ही सिंगल टीका इजाद कर युद्ध स्तर पर पूरे देश में उपलब्ध करवाया जाए।

सेक्स सोर्टेड सीमन एवं एम्ब्रियो टेक्नोलॉजी के माध्यम से सस्ती दर पर सीमन युद्ध स्तर पर उपलब्ध कराया जाए, जिससे बेसहारा सांडों की समस्या से निजात मिल सके तथा देश में पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम को नई क्रांति मिले और दूध उत्पादन में ऐतिहासिक वृद्धि हो।

दूध व दुग्ध उत्पादों में मिलावट करने वालों पर आजीवन कारावास का प्रावधान लागू किया जाए, जिससे जनमानस के स्वास्थ्य की रक्षा हो तथा पशुपालकों को दूध की उचित कीमत मिल सके।

महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर देशभर में डेयरी व्यवसाय को कृषि क्षेत्र का दर्जा दिया जाए, जिससे दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित हो सके, आपदा प्रबंधन के लाभ समय पर मिलें तथा पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड की भांति पशुपालक क्रेडिट कार्ड 4 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध हो।

IAS व IPS की तर्ज पर इंडियन डेयरी सर्विस कैडर की स्थापना की जाए, जिससे जिला दुग्ध संघों को तकनीकी अधिकारी उपलब्ध हों, प्लांट क्षमता का पूर्ण उपयोग हो, दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता विश्वस्तरीय बने तथा सहकारी संस्थाएँ आर्थिक रूप से सुदृढ़ हों।

देशभर में पशु आहार की दरें समान घोषित की जाएँ तथा मोलासिस पर जीएसटी दर कम करने के बाद भी पशुआहार की दरों में कमी सुनिश्चित की जाए।

FCI की तर्ज पर पूर्व की भांति नेशनल मिल्क ग्रिड की स्थापना की जाए, जिससे सरप्लस दूध को कमी वाले क्षेत्रों में भेजा जा सके, न्यूनतम क्रय मूल्य की गारंटी हो तथा बाजार गिरावट की स्थिति में पशुपालकों को प्रत्यक्ष सहायता मिले।

पशुपालन को मनरेगा में शामिल किया जाए तथा छोटे एवं सीमांत पशुपालकों के लिए विशेष पेंशन योजना एवं समग्र पशुधन बीमा योजना लागू की जाए, जिससे प्राकृतिक आपदा, महामारी या पशु मृत्यु की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

अंत में पत्र के माध्यम से निवेदन किया गया है कि दिनांक 28 फरवरी को अजमेर प्रवास के दौरान प्रदेश के 11 सदस्यीय डेयरी सहकारिता जनप्रतिनिधि दल को भेंट हेतु समय प्रदान किया जाए, जिससे देश के करोड़ों पशुपालकों एवं सहकारी सदस्यों की समस्याएँ सीधे प्रधानमंत्री के समक्ष रखी जा सकें तथा किसानों-पशुपालकों की आय दोगुनी करने के संकल्प को साकार किया जा सके।

---

## श्याम बिहारी गोयल ने संभाली बसेड़ी नगरपालिका की कमान, गर्मजोशी से हुआ स्वागत

चमकता राजस्थान



**धौलपुर रामदास तरुण। बसेड़ी उपखंड की खबर।** धौलपुर जिले की नगरपालिका बसेड़ी में नव पदस्थापित अधिशाषी अधिकारी (ईओ) श्याम बिहारी गोयल ने गुरुवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया। बसेड़ी उपखंड के जारगा गांव निवासी श्याम बिहारी गोयल के पदभार ग्रहण के अवसर पर समारोह जैसा माहौल रहा। अधिशाषी अधिकारी सरमथुरा विमलेश मीणा, अधिशाषी अधिकारी मनियां विष्णु परमार, अधिशाषी अधिकारी सैंपऊ भगत सिंह सहित नगरपालिका कर्मचारियों, पत्रकार बंधुओं, इष्ट मित्रों एवं गणमान्य नागरिकों ने माला व साफा पहनाकर, बुके भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। लंबे समय से पालिका में अधिशाषी अधिकारी का पद रिक्त होने के कारण कार्य अतिरिक्त प्रभार के भरोसे संचालित हो रहे थे। अब स्थायी अधिशाषी अधिकारी की नियुक्ति से आमजन में खुशी की लहर है। और शहर के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जगी है।

स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर द्वारा जारी आदेश के तहत श्याम बिहारी गोयल को बसेड़ी नगरपालिका में पदस्थापित किया गया है। स्थानीय क्षेत्र से जुड़े होने के कारण उन्हें यहां की भौगोलिक एवं प्रशासनिक परिस्थितियों की अच्छी समझ है। क्षेत्रवासियों का मानना है, कि उनके नेतृत्व में सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, नाली सफाई और सड़क मरम्मत जैसे लंबित कार्यों में तेजी आएगी। अधिशाषी अधिकारी सरमथुरा विमलेश मीणा ने कहा कि श्याम बिहारी गोयल अनुभवी और कार्यकुशल अधिकारी हैं, और उनके नेतृत्व में नगरपालिका बसेड़ी में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। अधिशाषी अधिकारी मनियां विष्णु परमार ने विश्वास जताया कि वे प्राथमिकता के आधार पर जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। वहीं अधिशाषी अधिकारी सैंपऊ भगत सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में पालिका की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और विकास कार्यों में उल्लेखनीय तेजी आएगी।

स्थानीय नागरिकों, व्यापारी वर्ग और सामाजिक संगठनों ने भी नियुक्ति का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है, कि अब पालिका के कार्यों में जवाबदेही बढ़ेगी तथा शहर की मूलभूत सुविधाओं में शीघ्र सुधार देखने को मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराजपुरा गांव में मौसमी बीमारियों पर जागरूकता अभियान, ग्रामीणों को दिए बचाव के सुझाव स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण/बाड़ी उपखंड की खबर।** एमएमयू - 01 टीम द्वारा तहसील बाड़ी के गांव महाराजपुरा (सलेमाबाद) में मौसमी बीमारियों के प्रति विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों को बदलते मौसम के साथ फैलने वाली बीमारियों जैसे सर्दी-खांसी, बुखार, डेंगू, मलेरिया आदि के लक्षण, कारण और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि मौसम परिवर्तन के समय संक्रमण और वायरल बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सावधानी बरतनी आवश्यक है। ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, साफ एवं उबला हुआ पानी पीने, घर तथा आसपास पानी इकट्ठा न होने देने और मच्छरों से बचाव के लिए आवश्यक उपाय अपनाने की सलाह दी गई। साथ ही समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने और लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य टीम ने कहा कि समय पर इलाज से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। ग्रामीणों ने भी स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक समाधान किया गया। इस अभियान में The हंस फाउंडेशन NGO की एमएमयू 01 टीम के सदस्य डॉ. विकास शर्मा, फार्मासिस्ट अख्तर हुसैन, एसपीओ आकाश मेहता एवं पायलट शेर सिंह मीणा उपस्थित रहे। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मौसमी बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित करना रहा।

### शहर के सड़क को अतिक्रमण मुक्त एवं जामरहित रखने का दिया निर्देश



**चमकता राजस्थान/लखीसराय/सौरव कुमार।** सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित है की शहर के सड़क को अतिक्रमण मुक्त एवं जाम रहित रखना है। उपरोक्त निर्देश के आलोक में विद्यापीठ पर सड़क पर अव्यवस्थित गाड़ियों को हटवाया गया तथा ऑटो/टोटो चालकों से अनुरोध किया गया कि वो अपनी गाड़ियों को सड़क पर न लगाएं ताकि राहगीरों को जाम की स्थिति न देखना पड़े। जो व्यक्ति हेलमेट के बिना पाए गए उनपर चालान के जगह पर नए हेलमेट खरीदने को कहा गया तथा भविष्य में सड़क सुरक्षा के आयामों का पालन करने का अनुरोध किया गया। उक्त अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी पंकज मुकुल मनी जी , टश्क प्रतीक कुमार जी एवं परिवहन बल की उपस्थिति रही।

### ट्रेन के लेट होने के कारण यात्रियों को करना पड़ रहा है घंटो इंतजार



**चमकता राजस्थान/राजेश कुमार वर्मा।** नीम का थाना भारतीय रेल की लापरवाही एवं समय की उपयोगिता न होने के कारण श्याम बाबा के लक्खी मेले मे मेला स्पेशल ट्रेन समय पर न चलने के कारण हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ट्रेन अपने निश्चित समय से लगभग 2 से 2:30 घंटे की देरी से आ रही है।

### श्री साहू समाज नवयुवक मंडल के चुनाव संपन्न जोंटी आसरवा बने अध्यक्ष



**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** आज का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हुआ !ब्यावर मे श्री साहू समाज नवयुवक मंडल के चुनाव भारी उत्साह के साथ संपन्न हुए। जिसमे समाज के प्रभुद्ध वरिष्ठजनों ने चुनाव प्रकिर्या मे हिसा लिया और निष्पक्ष रूप से चुनाव संपन्न कराया चुनाव में साहू समाज के 6 युवा प्रत्याशी ने हिस्सा लिया जिसमें जोंटी आसरवा अनिल गुलानिया जय किशन झालीवाल दामोदर मेहरानिया तारेश झालीवाल और मोतीलाल आसरवा ने दावेदारी की एकता और भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए दामोदर मेहरानिया और तारेश झालीवाल ने अपना पूर्ण समर्थन जोंटी आसरवा को दिया। और वही जयकिशन झालीवाल मोतीलाल आसरवा ने अनिल गुलानिया को समर्थन दिया चुनाव की काउंटिंग समर्थकों की गिनती कर की और चुनाव में अनिल गुलानिया को 305 मत और जोंटी आसरवा को 465 प्लस मत मिले जिससे जोंटी आसरवा ने 160 प्लस समर्थकों से जीत दर्ज की समर्थकों के उमड़ते जन सैलाब और समाज के युवाओं के अटूट विश्वास और भारी बहुमत के साथ जोंटी आसरवा को श्री साहू समाज नवयुवक मंडल ब्यावर का अध्यक्ष चुना गया इसी दौरान युवाओं मे चुनाव को लेकर भारी जोश दिखा समाज के युवाओं ने चुनाव मे बढ चढ़कर हिसा लिया और नवनिर्वाचित अध्यक्ष जोंटी आसरवा और उनके साथी दामोदर मेहरानिया और तारेश झालीवाल ने बताया की यह जीत किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि पूरे साहू समाज की एकता की जीत है। और हार जीत तो एक चुनाव का पहलू है हम सब हारे या जीते हम सब भाई है और समाज हित में अच्छे कार्य और समाज को आगे बढ़ाने के लिए आगे आएंगे और युवा समाज का मजबूत स्तंभ है हम आशा करते हैं साहू समाज का युवा वर्ग नई ऊंचाइयों को छुएगा।

---

आंगनवाड़ी व स्कूल के पास खड़ी 35 साल पुरानी टंकी, कार्रवाई नहीं तो ग्रामीण करेंगे आंदोलन

# बच्चों की जान से खिलवाड़! जर्जर पानी की टंकी बनी मौत का खतरा, गत 6 माह से शिकायतों पर प्रशासन मौन

चमकता राजस्थान



**रामाराम पावड़/ओगाला (सेड़वा)/सेड़वा/बोरला जाटन।** उपखंड के नजदीकी ग्राम पंचायत बोरला जाटन क्षेत्र के बोरला नाड़ी में लगभग चार दशक पहले निर्मित पानी की टंकी जर्जर हालत में खड़ी है और कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई है। पास में ही वर्ष 2025 में नई टंकी का निर्माण करवा दिया गया, लेकिन पुरानी अनुपयोगी टंकी को हटाने या नीलामी की दिशा में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

जानकारी के अनुसार, आंगनवाड़ी केंद्र पाठशाला बोरला जाटन की दीवार से महज दो फीट की दूरी पर करीब 35 वर्ष पुरानी यह जर्जर टंकी स्थित है। टंकी के पास ही छोटे बच्चे प्रतिदिन पढ़ाई करते और खेलते हैं। पास में मुख्य सड़क भी गुजरती है, जहां दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। समीप ही प्राथमिक विद्यालय भी है, जिससे बच्चों की आवाजाही लगातार रहती है।

ग्रामीणों का कहना है कि टंकी पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है और उसमें जंग लग चुका है। यदि टंकी गिरती है तो बड़ा हादसा हो सकता है। वर्तमान में भले ही टंकी उपयोग में नहीं है, लेकिन भविष्य में इससे जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने बताया कि गत 6 माह से लगातार प्रशासन व संबंधित विभाग को लिखित और मौखिक रूप से अवगत करवाया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन की चुप्पी से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

सरपंच ने बताया कि पुरानी टंकी का निर्माण जलदाय विभाग द्वारा करवाया गया था तथा हाल ही में नई टंकी बनवाई गई है। संबंधित विभाग को पुरानी टंकी की नीलामी या हटाने की कार्रवाई हेतु अवगत करवा दिया गया ।

● **ग्रामीणों का अल्टीमेटम:**

ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही जर्जर टंकी को हटाने की कार्रवाई नहीं की गई तो वे ग्राम स्तर पर आंदोलन और विरोध-प्रदर्शन करेंगे, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से तुरंत संज्ञान लेकर संभावित हादसे को टालने की मांग की है। क्योंकि गत 6 माह से शिकायतों पर प्रशासन मौन केवल जवाब यह कि विभाग को अवगत करवा दिया है । विभाग के अधिकारी कुंभकर्ण की नींद में सोये हुए है ।

ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है यदि किसी भी बच्चे को चोट लग गई तो इसका खामियाजा प्रशासन भुगतने के लिए तैयार रहे ।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को विशाल रूप देने हेतु किया पोस्टर का विमोचन

चमकता राजस्थान



**ब्यावर।** गुरुवार को आगामी 28 फरवरी को भारत के प्रधानमंत्री मोदी के अजमेर आगमन पर सभा को विशाल व भव्य रूप देने हेतु निवर्तमान सभापति नरेश कनोजिया के नेतृत्व में सुभाष सर्किल अजमेरी गेट पर पोस्टर का विमोचन किया गया व शहर वासियों को होने वाले कार्यक्रम में पधारने हेतु अक्षत बाट कर आमंत्रण दिया अजमेर चलो के ओर नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए,आमजन में मोदी जी के आगमन को लेकर काफी उत्साह रहा व आने वाली 28 तारीख को अजमेर आने का मानस जताया,उक्त कार्यक्रम में सभी भाजपा पार्षद,प्रभारी,पदाधिकारी, पूर्व पार्षद,कार्यकर्ता मौजूद रहे इस अवसर पर मुरली तिलोकानी ईश्वर तंवर शशि सोलंकी नरेंद्र चौहान बबलू चौहान हंसराज शर्मा सुनीता भाटी अमित बंसल अंगद राम अजमेरा, भूपेंद्र भोज×क, रामसिंह,मनीष मेहता सुरेन्द्र सोनी संजय घीया राधेश्याम प्रजापति ललिता जालान, मुकेश गर्ग,वीरेंद्र यादव नौरत सोलंकी सुमित जूलीयस रेखा कुमावत श्रवण जी, अनिल पंडित, प्रवीण शर्मा,संदीप चौहान राजु प्रजापत आयुष सोनी अंकित वशिष्ठ महावीर सेन आदि मौजूद रहे।

### मेघवाल समाज के 140 क्रिकेट खिलाड़ियों की लगी बोली, अप्रैल में होगा जिला स्तरीय टूर्नामेंट



**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल/ जीवन्द कला।** स्थानीय कस्बे में बुधवार रात एमपीएल क्रिकेट क्लब खिंवाड़ा के तत्वावधान में मेघवाल समाज की अप्रैल माह में प्रस्तावित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर भव्य ऑक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के 140 क्रिकेट खिलाड़ियों की बोली लगाई गई।

क्लब के जगदीश सोनल ने बताया कि जिले की नाडोल, खारड़ी, खिंवाड़ा, बोमादड़ा, राईगस, रीवा टाइगर्स, लाडपुरा, माताजी गुड़ा, उन्दरा व बिठूड़ा टीमों के कप्तानों और प्रायोजकों ने उत्साहपूर्वक खिलाड़ियों पर बोली लगाई। कार्यक्रम में खिंवाड़ा प्रशासक श्रीपाल वैष्णव मुख्य अतिथि रहे, जबकि खिंवाड़ा व्यापार संघ अध्यक्ष कांति सुथार ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अरावली क्षेत्रीय विकास समिति नगर अध्यक्ष हीरालाल मेवाड़ा तथा भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री संगीता मेवाड़ा मौजूद रहे। इस अवसर पर महेंद्र सोनल, मदनलाल सोनल, भीखाराम परमार, विजय कंडारा, कैलाश मीणा, किशोर बोस सहित अनेक भामाशाह एवं मेघवाल समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने प्रतियोगिता की टी-शर्ट का विमोचन भी किया।

### बबेरवाल ने किया बाल विवाह मुक्त रथ यात्रा व पोस्टर विमोचन




**चमकता राजस्थान/ जीवन्द कलां - पाली।** जिले में बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त रथ यात्रा व पोस्टर का विमोचन गुरूवार को तखतगढ़ उप तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल ने किया। यह जागरूकता रथ यात्रा के माध्यम से गांव गांव पहुंचेगा। जिला समन्वयक अमन कुमार वैष्णव ने बताया कि यह रथ बाल विवाह निषेध का संदेश अभियान जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन व जीएसवीएस, महिला अधिकारीता विभाग, बाल अधिकारिता , आई जी एल के द्वारा आयोजित किया जा रहा है अभियान के तहत बाल विवाह मुक्त भारत रथ यात्रा आगामी दिनों में जिले के अलग अलग ब्लॉक ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर रथ के माध्यम से ऑडियो संदेश, पोस्टर, पंपलेट जनसंवाद एवं शपथ कार्यक्रम के द्वारा आम जन को जागरूक किया जाएगा उन्होने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की व 21 वर्ष से कम आयु के लड़के की शादी नहीं करवाने व बाल विवाह के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए शपथ दिलाने के माध्यम से जागरूकता करना है। इस मौके पर स्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन व जीएसवीएस से जिला समन्वयक अमन कुमार वैष्णव, अमिता, धन्नाराम, हरिराम, सविता खेरुनिशा आई जी एल से प्रमोद सारण मौजूद रहे।

## एडीजीपी बिपिन कुमार पाण्डेय द्वारा ली गई क्राईम मिटिंग

चमकता राजस्थान



**राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** अतिरिक्त महानिदेशक विपिन कुमार पांडे अपराध शाखा राजस्थान जयपुर द्वारा सभी अधिकारियों की क्राइम मीटिंग ली गई। जिसमें कैलाश चन्द विश्नोई महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर अनिल कुमार बेनीवाल पुलिस अधीक्षक जिला स०मा०, लोकेश सोनवाल पुलिस अधीक्षक जिला करौली, सभी अति० पुलिस अधीक्षक स०मा पुलिस उपाधिक्षक स०मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जिसमें एडीजीपी बिपिन कुमार पाण्डेय ने जिले की पेंडेन्सी कम करने, पुराने मुकदमो का निस्तारण, बढते साईबर अपराध की रोकथाम, सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही, नवीन आपराधिक कानूनों की शत प्रतिशत पालना किये जाने के संबन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी त्यौहारो को मध्येनजर रखते हुए जिले में प्रभावी निगरानी रखी जाकर क्षेत्र में कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

### मानकमऊ में रोडवेज बस स्टैंड शुरू, डीएम ने दिखाई बसों को हरी झंडी



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने मानकमऊ में नवनिर्मित अस्थायी रोडवेज बस स्टैंड का उद्घाटन कर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों को हरी झंडी दिखाकर संचालन प्रारम्भ कराया। जिलाधिकारी ने बताया कि नए बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा भविष्य में इन्हें और बेहतर बनाया जाएगा। मानकमऊ में बस स्टैंड शुरू होने से शहर के अंदर लगने वाले जाम से भी काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। नगर निगम द्वारा ग्राम मानकमऊ स्थित अपनी भूमि से 5000 वर्गमीटर भूखंड रोडवेज बस स्टैंड के लिए अस्थायी रूप से निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है। यहां से सहारनपुर-नकुड़, गंगोह, शामली, देवबंद सहित चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के लिए बसों का संचालन किया जाएगा। बस स्टैंड के पास ही इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन होने से यात्रियों को रोडवेज और नगरीय बस सेवाओं का एक ही स्थान से सुगमता से लाभ मिल सकेगा।

### आमला में नंदी-सांड पर धारदार हथियार से हमला, ग्रामीणों में आक्रोश



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलौदी।** फलौदी जिले के आमला गांव के पास अज्ञात लोगों ने दो नंदी-सांडों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों और गौसेवकों ने मौके पर पहुंचकर घायल नंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और पशु चिकित्सक से इलाज करवाया। पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गया है और आरोपियों की तलाश जारी है। ग्रामीणों ने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

### अमृत ग्रुप द्वारा निःशुल्क टंकी का वितरण एक मार्च से प्रारंभ




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** हर वर्ष की भाँति इस बार भी अमृत ग्रुप द्वारा निःशुल्क टंकी का वितरण 01-03-26 से 30-08-26 तक किया जाएगा , अमृत ग्रुप के अध्यक्ष राजन सरदार ने बताया कि जिसको भी पशु-पक्षियों के लिए टंकी चाइये हो वो दिये गये नंबर पर सम्पर्क करे !
+91 93514 11679

---

# नशा मुक्त ब्यावर हेतु प्रशासन सजग, मानस हेल्पलाइन 1933 से मिली सूचनाओं पर दो स्थानों पर सार्थक कार्यवाही

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूर्णतः सजग एवं सक्रिय है। आज आयोजित समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र जी, सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मादक पदार्थों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु व्यापक रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन ''मानस-1933'' के अधिकतम प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देते हुए आमजन से अपील की गई कि नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना इस हेल्पलाइन पर साझा करें।

मानस हेल्पलाइन 1933 के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर प्रशासन एवं संबंधित एजेंसियों द्वारा जिले में दो स्थानों पर प्रभावी कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही प्रशासन और जनसहयोग से हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का प्रमाण है। आमजन से अपेक्षा की गई कि वे नशा उन्मूलन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

● **वर्ष 2026 में सख्त कार्यवाही के परिणाम**

जिला ब्यावर में वर्ष 2026 के दौरान नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। जनवरी माह में पुलिस विभाग द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत 11 प्रकरण दर्ज कर 352.480 किग्रा डोडा, 22 ग्राम स्मैक, 102 ग्राम अफीम एवं 5.22 किग्रा गांजा जब्त किया गया। वहीं फरवरी माह में 6 प्रकरण दर्ज कर 468.5 किग्रा डोडा व 1.03 किग्रा अफीम सहित अन्य मादक पदार्थ जब्त किए गए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय अजमेर द्वारा जनवरी में 12 तथा फरवरी में 17 मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण कर कई को नोटिस एवं निलंबन आदेश जारी किए गए। साथ ही पाली कार्यालय द्वारा फरवरी माह में 5 मेडिकल फर्मों की जांच कर 4 को निलंबित किया गया। वर्ष 2026 में अब तक कुल 19 प्रकरण दर्ज कर 24 आरोपियों (3 महिला सहित) की गिरफ्तारी की गई है। साथ ही 9 वाहन जब्त किए गए तथा 820.985 किग्रा डोडा पोस्त, 54 ग्राम 03 मिलीग्राम स्मैक, 5.72 किग्रा गांजा एवं 1.132 किग्रा अफीम जब्त की गई है। गौरतलब है कि दिनांक 08.07.2024 को Narcotics Coordination Centre (NCORD) की राज्य स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग की अध्यक्षता में आयोजित हुई थी, जिसमें नशा तस्करी की रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। उन्हीं निर्देशों की अनुपालना में जिले में सतत कार्यवाही की जा रही है।

» अपील:

यदि कहीं भी नशीले पदार्थों का अवैध क्रय-विक्रय, सेवन या तस्करी की जानकारी हो तो तुरंत राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस - 1933 पर सूचित करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र; राजस्थान की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रोजेक्ट्स को बंद करने पर जताई गहरी चिंता

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर दौरे से पूर्व उन्हें एक विस्तृत पत्र लिखकर प्रदेश की जनहितकारी योजनाओं की स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया है। श्री गहलोत ने प्रधानमंत्री को उनके 'चित्तौड़गढ़ वाले वादे' की याद दिलाते हुए इन योजनाओं को पुनः बहाल करने की मांग की है।

प्रधानमंत्री को लिखे पत्र का पूर्ण विवरण:

श्री गहलोत ने अपने पत्र में निम्नलिखित तथ्यों को साझा किया है:

प्रिय श्री नरेन्द्र मोदी जी,

आगामी 28 फरवरी को राजस्थान की पावन धरा अजमेर में आपके आगमन पर हार्दिक स्वागत है. मैं इस पत्र के माध्यम से आपका ध्यान उस 'गारंटी' की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जो आपने 2 अक्टूबर 2023 को चित्तौड़गढ़ की पावन धरा से राजस्थान की जनता को दी थी.

2023 में मैंने राजस्थान की जनता को आगाह किया था कि यदि भाजपा सरकार में आ गई, तो कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद कर देगी. तब आपने 2 अक्टूबर 2023 को स्पष्ट शब्दों में भरोसा दिलाया था कि ''भाजपा सरकार बनने पर कांग्रेस की किसी भी जनहितकारी योजना को बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि उन्हें और बेहतर बनाया जाएगा''. राजस्थान की जनता ने आपके इन शब्दों को 'मोदी की गारंटी' मानकर स्वीकार किया था.

परंतु अत्यंत खेद का विषय है कि वर्तमान राज्य सरकार आपके उस वादे के ठीक विपरीत कार्य कर रही है. पिछले दो वर्षों में प्रदेश की वे तमाम योजनाएँ, जो देशभर में मॉडल के रूप में जानी जाती थीं और कई अन्य राज्यों ने जिन्हें अपने यहाँ लागू किया, उन्हें या तो बंद कर दिया गया है या बजट एवं शर्तों में कटौती कर निष्प्रभावी बना दिया गया है. इससे राजस्थान की जनता बेहद परेशान है. मैं आपका ध्यान इन प्रमुख बिंदुओं की ओर दिलाना चाहता हूँ:

राइट टू हेल्थ: देश का पहला स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनने के बाद भी वर्तमान सरकार ने इसके नियम (Rules) लागू नहीं किए हैं, जिससे जनता को मुफ्त इलाज का कानूनी अधिकार नहीं मिल पा रहा है.

गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट: ऑनलाइन डिलीवरी पार्टनर्स की सामाजिक सुरक्षा के लिए बनाया गया यह क्रांतिकारी कानून ठंडे बस्ते में पड़ा है. न बोर्ड बना और न ही फंड का लाभ संबंधित लोगों तक पहुँचा.

राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस: इसका नाम बदलने के साथ ही लाभार्थियों की संख्या 500 से घटाकर मात्र 150 कर दी गई है, जिससे मेधावी छात्रों के विदेश में पढ़ने के अवसर सीमित हो गए हैं.

इंदिरा रसोई योजना: इसका नाम बदलकर 'अन्नपूर्णा रसोई' किया गया, लेकिन केंद्रों पर कुप्रबंधन के कारण लाभार्थियों की संख्या पहले से लगभग आधी रह गई है.

इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना: महिलाओं को डिजिटल सशक्तिकरण देने वाली यह योजना दूसरे चरण में पूरी तरह बंद कर दी गई है.

इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना: मनरेगा की तर्ज पर शहरों में 125 दिन का रोजगार देने वाली



इस योजना का क्रियान्वयन धरातल पर अब लगभग शून्य है.

चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा एवं RGHS: इन दोनों योजनाओं में अस्पतालों एवं मेडिकल स्टोर्स को समय पर भुगतान नहीं किए जाने के कारण ये योजनाएँ बार-बार संकट में आ जाती हैं.

निःशुल्क बिजली योजना (100 यूनिट): इसे 'पीएम सूर्य घर योजना' की जटिल शर्तों से जोड़ दिया गया है. नए उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिल रहा, जिससे मध्यम वर्ग की राहत समाप्त हो गई है.

अन्नपूर्णा राशन किट: महंगाई से राहत देने वाले इन किटों का वितरण पूरी तरह बंद कर दिया गया है.

इंदिरा गांधी क्रेडिट कार्ड योजना: बिना ब्याज के 50,000 रुपये का ऋण देने वाली इस योजना में नए आवेदन लेना बंद कर दिया गया है.

प्रधानमंत्री जी, भाजपा सरकार की अदूरदर्शिता के कुछ उदाहरण आपकी जानकारी में लाना चाहता हूँ. हमारी कांग्रेस सरकार के समय जयपुर में बने महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज़ का निर्माण पूरा होने के एक वर्ष बाद भी इसका लोकार्पण नहीं किया गया है. जयपुर में ही कोचिंग संस्थानों को एक स्थान पर लाने तथा कोचिंग संस्थानों की भीड़ से लगने वाले ट्रैफिक जाम से बचाव के लिए नए कोचिंग हब का निर्माण करवाया गया था. भाजपा सरकार न तो कोचिंग संस्थानों को वहाँ स्थानांतरित करवा पाई और न ही इस परियोजना का उचित उपयोग कर सकी. अपनी नाकामी छिपाने के लिए इस कोचिंग हब को आईआईटी जोधपुर के रीजनल सेंटर हेतु दे दिया गया, जिससे जयपुर में ट्रैफिक जाम की समस्या और विकट हो गई है.

मेडिकल सुविधाओं की बात करें तो देश के पहले सुपरस्पेशियलिटी आईपीडी टावर का कार्य अब तक पूरा हो जाना चाहिए था, परंतु सत्ता परिवर्तन के बाद वहाँ एक नई मंजिल तक नहीं बन सकी है. जयपुर शहर के अस्पतालों पर दबाव कम करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित उपचार के लिए कानोता (आगरा रोड) और अचरोल (दिल्ली रोड) में सैटेलाइट अस्पताल खोलने की घोषणा की गई थी. भूमि आवंटन के बावजूद वर्तमान सरकार ने इन दोनों अस्पतालों को रद्द कर दिया है. वहीं शिवदासपुरा और बालमुकुंदपुरा के अस्पताल तैयार होने के एक वर्ष बाद भी जनता को समर्पित नहीं किए गए हैं.

यदि जोधपुर की बात करें तो वहाँ भी स्थिति कमोबेश ऐसी ही है. चौपासनी हाउसिंग बोर्ड अस्पताल, प्रताप नगर अस्पताल, डिगाड़ी अस्पताल समेत कई इमारतें बनकर तैयार हैं, परंतु आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराकर इन्हें शुरू नहीं किया जा रहा है. जोधपुर में राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट बनकर तैयार है, परंतु न तो कोच एवं विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है और न ही इसके लोकार्पण को लेकर कोई स्पष्टता है. ऐतिहासिक सुमेर लाइब्रेरी का काम पूरा होने के बाद भी शुरू नहीं किया गया है. प्रदेश में नई पीढ़ी की शिक्षा देने के लिए बनाए जा रहे राजीव गांधी फिनटेक इंस्टीट्यूट का कार्य भी अपेक्षित गति से धीमा चल रहा है.

कांग्रेस सरकार के दौरान कोटा में देश का सबसे आकर्षक रिवर फ्रंट बनाया गया, जिसकी चर्चा देश-दुनिया में हुई. वर्तमान सरकार ने इसके रखरखाव तथा आगे के चरणों का कार्य भी रोक दिया है.

यह तो केवल कुछ उदाहरण हैं। पूरे राजस्थान में यदि जिला-वार जानकारी दी जाए, तो ऐसे दर्जनों उदाहरण सामने आएँगे.

लोकतंत्र में 'जनता का विश्वास' सबसे बड़ी पूंजी होता है. जब आप 28 फरवरी को अजमेर की जनता के बीच उपस्थित हों, तो मेरा आपसे सादर आग्रह है कि आप अपने उस 'चित्तौड़गढ़ वाले वादे' का मान रखें.

मेरी आपसे विनम्र मांग है कि अजमेर की इस सभा में आप प्रदेश सरकार को स्पष्ट निर्देश दें कि पूर्ववर्ती सरकार की इन तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और रद्द किए गए प्रोजेक्ट्स को उनके मूल स्वरूप में पुनः बहाल किया जाए, ताकि राजस्थान की जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस न करे.

आशा है कि आप राजस्थान की जनता के हितों और अपने शब्दों की मर्यादा को सर्वोपरि रखेंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाएं



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित द्वारा गुरुवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष देवेन्द्र दीक्षित द्वारा कारागृह परिसर की साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई, कारागृह में सजायाफ्ता एवं विचाराधीन बंदियों की कुल संख्या, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, बंदियों को प्रदान की जाने वाली भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं, ई कियोस्क आदि के संबंध में पूछताछ की गई तथा बंदियों से वार्ता कर उनके मुकदमों, संबंधित थानों, न्यायालयों, परिजनों से बातचीत के समय, अपने मुकदमों की पैरवी हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता, निशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में पूछताछ कर उनकी समस्याओं को सुना गया।

### भाकियू टिकैत ने रमजान और जुमे के मद्देनजर निर्बाध बिजली आपूर्ति हेतु सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** नगर के जनक नगर 66 के०वी० बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने मण्डल महासचिव आरिफ मलिक के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए विद्युत उप-खंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बिजली विभाग को अवगत कराया कि सड़क दुधली वार्ड में प्रत्येक शुक्रवार को होने वाली अघोषित बिजली कटौती से स्थानीय नागरिकों और मस्जिदों में पानी की भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। विशेष रूप से 26 फरवरी से पवित्र रमजान माह के जुमे की नमाज़ को देखते हुए संगठन ने मांग की है कि मुस्लिम समाज की इबादत और इफ्तार की तैयारियों में कोई बाधा न आए, इसलिए जुमे के दिन 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर युवा महानगर अध्यक्ष उस्मान मलिक और आरिफ मलिक ने स्पष्ट किया कि बिजली न होने से मस्जिदों में वाटर टैंक नहीं भर पाते और इन्वर्टर न होने के कारण गरीब परिवारों को अंधेरे में पढ़ाई व भोजन बनाने में कठिनाई होती है। ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के जेई दीपक कुमार और दूरभाष पर एसडीओ ने आश्वासन दिया कि रमजान के दौरान जुमे को बिजली की कोई समस्या नहीं रहेगी, हालांकि तकनीकी सुधार हेतु कल दोपहर 2 से 4 बजे तक का एक संक्षिप्त कट रखा जाएगा।

## जयपुर के आम्रपाली म्यूजियम के सहयोग से मैपिन पब्लिशिंग द्वारा प्रकाशित

- प्रख्यात आभूषण इतिहासकार डॉ. उषा आर. बालाकृष्णन द्वारा लिखित है पुस्तक
- जयपुर में 'द अम्रपाली कलेक्शन - सिल्वर एंड गोल्ड : विज़न्स ऑफ आर्केडिया' पुस्तक का हुआ भव्य विमोचन

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के प्रख्यात आम्रपाली म्यूजियम में 'द अम्रपाली कलेक्शन - सिल्वर एंड गोल्ड झ विज़न्स ऑफ आर्केडिया' का गुरुवार को भव्य विमोचन हुआ। पुस्तक का विमोचन देश की अग्रणी आभूषण इतिहासकार डॉ. उषा आर. बालाकृष्णन और भारत की पहली म्यूज़ियम एडवाइज़री फ़र्म, एका आर्काइविंग सर्विसेज़ के को-फ़ाउंडर, प्रमोद कुमार केजी द्वारा किया गया। इस दौरान आम्रपाली म्यूजियम के को-फाउंडर, राजीव अरोड़ा; म्यूजियम के को-फाउंडर राजेश अजमेरा; को-फाउंडर, मैपिन पब्लिशिंग, बिपिन शाह और म्यूजियम के सीईओ तरंग अरोड़ा भी शामिल रहे। डॉ. उषा आर. बालाकृष्णन द्वारा लिखित



यह पुस्तक भारत की ग्रामीण आभूषण परंपराओं की काव्यात्मक और सशक्त दुनिया को उजागर करती है। आम्रपाली म्यूजियम के सहयोग से पुस्तक का प्रकाशन मैपिन पब्लिशिंग द्वारा किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत म्यूज़ियम विज़िट के साथ हुई, जिसके बाद पुस्तक का औपचारिक विमोचन हुआ। इसके बाद डॉ. उषा आर. बालाकृष्णन और प्रमोद कुमार केजी के बीच रोचक संवाद हुआ। इस अवसर पर वर्ल्ड डायमंड म्यूजियम की मुख्य क्यूरेटर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शोध व एग्जीबिशंस के लिए प्रसिद्ध, डॉ. उषा आर. बालाकृष्णन ने कहा कि, ₹यह पुस्तक असली भारत के घुमंतू, किसान और ग्रामीण समुदायों का उत्सव है। चांदी में प्रयोग और स्वतंत्रता की अद्भुत परंपरा रही है। ये आभूषण सुलभ, लोकतांत्रिक और किफायती हैं, फिर भी ऐसे समय में जब हमारी नज़र केवल कीमती चीज़ों पर टिक जाती है, इन्हें उचित पहचान की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि आम्रपाली वर्षों से कारीगरी की एक समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाता आ रहा है। पिछले 40 वर्षों में राजेश अजमेरा और राजीव अरोड़ा ने इन धरोहरों को देशभर से संजोकर संग्रहालय में सुरक्षित रखकर सम्मान का कार्य किया है।₹

आम्रपाली म्यूजियम के को-फाउंडर राजीव अरोड़ा ने इस अवसर पर कहा कि, ''आज की दुनिया तेज़ी से बदल रही है और सब कुछ बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। ऐसे समय में हमें अपने पारंपरिक कारीगरों की कला को संभालने और सम्मान देने की जरूरत महसूस हुई। यह पुस्तक सिर्फ एक प्रकाशन नहीं, बल्कि भारत की आभूषण विरासत को संजोने की एक कोशिश है। हमारा उद्देश्य है कि युवा पीढ़ी अपनी विरासत को समझे और उससे जुड़े, साथ ही उस विरासत की असली पहचान भी बनी रहे।''

विश्व के सबसे महत्वपूर्ण संग्रहों में से एक 'अम्रपाली कलेक्शन' के पारंपरिक चांदी और सोने के आभूषणों के अभिलेख से प्रेरित यह पुस्तक सदियों में विकसित श्रृंगार की परंपराओं, सौंदर्य और प्रतीकात्मकता को उजागर करती है। यह प्रकाशन चार दशकों से अधिक समय तक किए गए शोध और संग्रहण पर आधारित है। इसमें भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न समुदायों, आस्थाओं, भाषाओं और सांस्कृतिक पहचानों से जुड़ी आभूषण परंपराओं को सरल और प्रभावी ढंग से दर्शाया गया है। 264 पृष्ठों और 331 सुंदर फोटोग्राफ्स से सुसज्जित यह पुस्तक पारंपरिक सुनारों और स्वर्णकारों की अद्भुत कला को सामने लाती है। पुस्तक में प्रकृति और ब्रह्मांड से गहरे संबंध भी दिखाए गए हैं, जहां चांदी और सोने के साथ शंख, सीप, हड्डी और घास जैसे प्राकृतिक तत्वों का उपयोग किया गया है।

## सिरियारी पुलिस थाना में सीएलजी बैठक आयोजित, होली-ईद पर शांति बनाए रखने की अपील



**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल/ जीवन्द कलां (पाली)**। आगामी त्योहारों के मद्देनजर सिरियारी स्थित सिरियारी पुलिस थाने में गुरुवार को सीएलजी (कम्युनिटी लायजन ग्रुप) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी मारवाड़ जंक्शन महावीर सिंह जोधा ने की।

बैठक में क्षेत्र में शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने पर जोर दिया गया। विशेष रूप से आगामी होली और ईद के त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

थाना प्रभारी हुक्म गिरी ने आगामी धार्मिक त्योहारों, उत्सवों और मेलों को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने उपस्थित सीएलजी सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में मौजूद सदस्यों ने अपने सुझाव रखे और त्योहारों के दौरान पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर शांति व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर एएसआई लक्ष्मण लाल, हेड कांस्टेबल नरसिंह, कांस्टेबल चंद्रदेव, सुरेश, मुकेश, गौतम, देवेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह गुड़ा, सूरसिंह, जय सिंह ठाकुर वास, अल्लाह बक्श पठान, बाबूलाल मेवाड़ा, रिखब चंद जैन, कस्तूरचंद सोनी, गोविंद सिंह, पूर्व सरपंच थानाराम सिरवी, पिंटू जांगिड़, मोसीन पठान, सफी गोरी, सविता गर्ग, प्रमोद सिंह, गोपाल माली, रामसिंह तंवर, सोनाराम घांची, प्रकाशचंद सहित पुलिस मित्र एवं थाना स्टाफ मौजूद रहा।

### 9 से 14 साल तक की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान की करेंगे शुरुआत

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 फरवरी को आएंगे अजमेर

चमकता राजस्थान

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार (28 फरवरी) को राजस्थान के अजमेर आएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री 9 से 14 साल तक की बालिकाओं को एचपीवी टीके की खुराक देकर एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री केंद्र एवं राज्य सरकार की 16 हजार 686 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ उपस्थित रहेंगे।

- **एचपीवी टीकाकरण अभियान**

एचपीवी टीकाकरण अभियान की पहल सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम और किशोरियों के स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य किशोरियों का प्रारंभिक अवस्था में ही टीकाकरण कर उन्हें सर्वाइकल कैंसर से बचाना है। यह कार्यक्रम बीमारी होने से पहले ही उसकी रोकथाम को बढ़ावा देने, महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं तक लोगों की पहुंच को बढ़ाने पर केंद्रित है।

प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शहरी विकास, पेयजल आपूर्ति, सड़क, रेलवे, सिंचाई, ऊर्जा और औद्योगिक बुनियादी ढांचे समेत विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 16 हजार 686 करोड़ रुपये की लागत की 43 प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में लगभग 8 हजार 554 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाएं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से संबंधित हैं। इन विभागों में शहरी विकास, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण, ऊर्जा, जल संसाधन एवं उद्योग आदि शामिल हैं।



इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग और ऊर्जा से जुड़ीं करीब 8 हजार 132 करोड़ रुपये की 9 प्रमुख परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। इन परियोजनाओं में 2 का शिलान्यास और 7 का लोकार्पण होगा। प्रधानमंत्री 4 हजार 516 करोड़ रुपये से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में लगभग 1 हजार 207 करोड़ रुपये की लागत से बांदीकुई से जयपुर तक 4 लेन का ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, दिल्ली-

- **प्रधानमंत्री 16 हजार 686 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण**
- **राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में चयनित 21 हजार 863 युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र**

वडोदरा एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के पैकेज 14 सेक्शन में एनएच 76 जंक्शन से एनएच 12 पर उम्मेदपुरा गांव तक 8 लेन कैरिजवे और प्रदेशभर में राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार, सुदृढ़ीकरण और चौड़ाईकरण के कार्य शामिल हैं। इसी तरह जयपुर में 286 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के सांगानेर फ्लाईओवर से चौरड़िया पेट्रोल पम्प होते हुए मालपुरा गेट तक एलीवेटेड रोड, जोधपुर शहर में महामंदिर से अखल्या चौराहे तक 1 हजार 243 करोड़ रुपये की लागत से 4 लेन एलीवेटेड रोड एवं बारां जिले में 322 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के मालबमोरी-मांगरोल-बारां राज्य राजमार्ग का शिलान्यास भी करेंगे।

स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल के अपने संकल्प की दिशा में एक ओर कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नोनेरा वृहद् पेयजल परियोजना के 1021 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 4 पैकेज और परवन अकावद वृहद् पेयजल परियोजना के 2 हजार 247 करोड़ रुपये की लागत के 5 पैकेजों की आधारशिला रखेंगे।

प्रधानमंत्री राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के प्रमुख केंद्रों से बिजली के सुगम पारेषण के लिए 3 हजार 616 करोड़ रुपये की पारेषण प्रणाली का लोकार्पण करेंगे। साथ ही, 220 केवी के पांच और 400 केवी के दो ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस) का शिलान्यास भी करेंगे।

प्रधानमंत्री राजस्थान के पश्चिमी हिस्से में औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए जोधपुर पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र (जेपीएमआईए) में आधारभूत संरचना और पेयजल आपूर्ति से संबंधित विभिन्न कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में चयनित 21 हजार 863 युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। नियुक्ति पत्र पाने वाले इन युवाओं में 3 हजार 320 से अधिक पटवारी (राजस्व), 2 हजार 291 संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक और संविदा लेखा सहायक (ग्रामीण विकास), 2 हजार 590 पशुधन सहायक, 3 हजार 822 सीएचओ, 7 हजार 357 पब्लिक हेल्थ केयर नर्स, मेडिकल लैब तकनीशियन, लैब तकनीशियन, नर्सिंग प्रभारी, नर्सिंग ट्रेनर, नर्स, नर्स ग्रेड-द्वितीय सहित अन्य नियुक्तियां शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929